दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471



# अमन लेखनी



मारूति ने अगस्त में रिकॉर्ड बिक्री की, एसयूवी खंड में बनी अगुवा ....

भारतीय स्टार्टअप से दो साल में 1 लाख की गई नौकरी ...

वर्ष : 09 | अंक : 270 | लखनऊ, 03 सितम्बर, रविवार 2023 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

**मौसम**

अधिकतम तापमान 33.c

न्यूनतम तापमान 27.c

**बाजार**

सोना 5510/ g

चांदी 73.50/ g

सेंसेक्स 64,948.66

19,310.15

# घोसी का विकास नहीं, खुद का विकास रहा है विपक्ष का एजेंडा: सीएम योगी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



घोसी। घोसी का महत्व वही समझ पाएगा जिसने 2005 में मऊ दंगों को देखा है। तब सपा की सरकार थी और वह कुछ न कर पाई थी। तब भी इन दंगाबाजों के खिलाफ हमने ही मोर्चा खोला। हम कोई जाति समाज नहीं देखते थे। जो यहां दंगों की आग लगाते थे वो अब व्हीलचेयर पर जान की भीख मांगते दिखते हैं। ये बातें सीएम योगी आदित्यनाथ ने 5 सितंबर को घोसी विधानसभा उपचुनाव के तहत शनिवार को आयोजित विशाल जनसभा रैली को संबोधित करते हुए कहीं। उन्होंने एनडीए उम्मीदवार दारा सिंह चौहान के समर्थन के साथ ही विपक्ष पर करारा प्रहार करते हुए कहा कि घोसी का विकास नहीं, खुद का विकास विपक्ष का एजेंडा रहा है। उन्होंने कहा कि लोग पीडीए की बात करते हैं, हमने तो सबका साथ सबका विकास किया है। हम बिना भेदभाव की शासन प्रक्रिया को पीएम के मार्गदर्शन में स्थापित कर रहे हैं।

### संकट की घड़ी में होती है असली पहचान, हम हर कसौटी पर खरा उतरे

घोसी की धरती को ऋषियों की पावन धरा बताते हुए सीएम योगी ने कहा, संकट की घड़ी में ही असली पहचान होती है। कोरोना संकट में कांग्रेस का चरित्र किसी से छुपा नहीं है, सपा सुप्रीमो भी अपने घर में दुबक गए थे। तब याद कीजिए यही मोदी और योगी आपकी सेवा के लिए तत्पर थे। हम हर जगह जाते थे और 2 करोड़ से ज्यादा वैक्सीन की खुराकें हमने मुफ्त में दीं। एक तरफ देश ने आपदा से लड़ाई की, वहीं हमने गरीबों के कल्याण के लिए भी काम किया। अब कोई गरीबों का हक नहीं मार सकता, बड़ी-बड़ी परियोजनाओं का लाभ सबको पूरी निष्पक्षता से मिल रहा है।

### भाजपा ने ही किया घोसी का विकास

सीएम योगी ने सपा पर निशाना साधते हुए कहा कि सपा ने तो चीनी मिलों को लेकर कोई प्रयास नहीं किया, लेकिन हम यहां चीनी मिलों के एक्सपैंशन के लिए भी काम कर रहे हैं। इसी घोसी में सामुदायिक स्वाथ्य केंद्र हो, आईटीआई हो या पॉलेटेक्निक हो, यह सभी कार्यक्रम यहां के बीजेपी के प्रतिनिधियों के कार्यकाल में ही बने। हम घोसी को बुलेट ट्रेन से जोड़ने आए हैं। सपा से पूछिए, जन्माष्टमी के आयोजन पर सपा ने रोक लगा दी थी। हमने इसे वापस भव्यता से मनाने का मार्ग सुनिश्चित किया। ये राम भक्तों पर गोली चलवाने वाले लोग हैं और हमने राम मंदिर का निर्माण करके दिखा दिया। आज घोसी में 4 लेन सड़कें हैं और गोरखपुर हो या वाराणसी हमने ऐसी सड़कें बनाई हैं कि लखनऊ से उनकी दूरी अब बेहद कम हो गई है।

### कांग्रेस, सपा के लोग तो यहां झांकते तक नहीं

सीएम योगी ने कहा कि कांग्रेस-सपा के लोग तो इस क्षेत्र में झांकते तक नहीं है। सपा ने तो भीमराव अंबेडकर व कांशीराम विश्वविद्यालय का नाम अपने लिहाज से बदल दिया था। महापुरुषों का इससे बड़ा अपमान क्या हो सकता है। सामाजिक अन्याय का शंखनाद समाजवादी पार्टी ने किया था। इनके जीन्स में ही नफरत है। ऐसे में विकास की बातें इनके मुंह से हास्यास्पद लगती है।

## चांद पर 10 दिन में 101 मीटर चला रोवर, जल्द शुरू होगी 'स्लीप' मोड की प्रक्रिया

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

**नई दिल्ली,** चंद्रयान 3 मिशन अपनी नियोजित अन्वेषण अवधि के समापन के करीब पहुंच रहा है, जो पृथ्वी के 14 दिनों के बराबर एक चंद्र दिवस तक फैला है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) अब चंद्रमा की रात नजदीक आने पर विक्रम लैंडर और प्रज्ञान रोवर के लिए ₹स्लीप मोड₹ ऑपरेशन शुरू करने की तैयारी कर रहा है, जिसके दौरान तापमान -200 डिग्री सेल्सियस से नीचे गिरने की उम्मीद है, ऐसा एस सोमनाथ ने घोषणा की है।

सोमनाथ ने बधाई संदेश देते हुए कहा कि प्रज्ञान रोवर और विक्रम लैंडर अभी भी काम कर रहे हैं। हम अगले एक से दो दिनों में दोनों को स्लीप मोड में रखने की प्रक्रिया शुरू कर रहे हैं क्योंकि उन्हें चंद्र रात को सहन करने की जरूरत है। उन्होंने आगे बताया कि रोवर ने लैंडर से लगभग 100 मीटर की दूरी तय की है। इसरो ने चंद्र अन्वेषण मिशन के हिस्से के रूप में प्रज्ञान रोवर द्वारा अपनाए गए पथ की




एक तस्वीर साझा की। यह कुल यात्रा दूरी 101.4 मीटर दर्शाती है।

### चंद्रयान 3 मिशन की प्रगति रिपोर्ट

इसरो चंद्रयान 3 मिशन द्वारा किए गए यथास्थान वैज्ञानिक प्रयोगों से डेटा साझा कर रहा है। हाल ही में भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी ने कहा कि चंद्र भूकंपीय गतिविधि (आईएलएसए) पेलोड ने एक घटना को रिकॉर्ड किया, जो प्राकृतिक प्रतीत हो रही है। इससे पहले, यह बताया गया था कि अल्फा पार्टिकल एक्स-रे स्पेक्ट्रोस्कोप (एपीएक्सएस) ने चंद्र भूभाग पर अन्य छोटे तत्वों के साथ-साथ सल्फर की सफलतापूर्वक पहचान की है।

## संक्षिप्त समाचार

### आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने इंडिया की बजाय भारत नाम का उपयोग करने की दी सलाह

**नई दिल्ली,** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने कहा है कि इंडिया की बजाय भारत शब्द का इस्तेमाल किया जाना चाहिए। उन्होंने लोगों से इसकी आदत डालने का आग्रह भी किया। भागवत ने कहा कि भारत नाम प्राचीन समय से चला आ रहा है और इसे आगे भी जारी रखना चाहिए। हम आपको बता दें कि भागवत ने यह बयान ऐसे समय दिया है जब विपक्ष ने इंडिया नाम से एक राष्ट्रीय गठबंधन बनाया है। इंडिया नामक गठबंधन बनने के बाद से भाजपा और संघ परिवार से जुड़े नेताओं ने अपने बयानों के जरिये इंडिया नाम को गुलामी काल से जोड़ते हुए कहा था कि देश का प्राचीन नाम भारत ही है और इसे इसी नाम से बुलाया जाना चाहिए। अब जब आरएसएस प्रमुख का इस संदर्भ में बयान आ गया है तो उम्मीद है कि भाजपा के सभी नेता इसका अनुसरण करेंगे। हम आपको यह भी बता दें कि असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा तो अपने सोशल मीडिया प्रोफाइल में इंडिया की जगह भारत कर भी चुके हैं जिस पर विपक्ष ने तंज कसते हुए कहा था कि भाजपा इंडिया से घबरा गयी है। विपक्ष ने यह भी सवाल उठाया था कि इंडिया नाम यदि गुलामी की निशानी है तो प्रधानमंत्री मोदी स्टार्टअप इंडिया, स्किल इंडिया या मेक इन इंडिया नाम से अपनी योजनाएं क्यों चलाते हैं?

खास बात यह है कि आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने देश को भारत नाम से पुकारे जाने संबंधी बयान उस राज्य असम में दिया जहां के मुख्यमंत्री अपने सोशल मीडिया प्रोफाइल में देश का नाम इंडिया से बदल कर भारत करने वाले पहले बड़े राजनीतिक व्यक्ति थे। हम आपको बता दें कि मोहन भागवत ने गुवाहाटी में सकल जैन समाज के कार्यक्रम में कहा, हमारे देश का नाम सदियों से भारत ही है। भाषा कोई भी हो, नाम एक ही रहता है।

## आईआईटी दिल्ली के छात्र ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**कई पेपरों में पास न होने से था परेशान**

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

**नई दिल्ली,** अनिल कुमार नाम के 21 वर्षीय एक छात्र ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) दिल्ली में अपने छात्रावास के कमरे के अंदर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी शुक्रवार शाम करीब 6 बजे हुई, जब पुलिस को घटना की जानकारी देने के लिए कॉल आई। मौके पर पहुंची पुलिस को हॉस्टल का कमरा अंदर से बंद मिला। दरवाजा तोड़ने पर छात्र फंदे से लटका हुआ मिला। पुलिस ने बताया कि छात्र को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।

मामले की प्रारंभिक जांच से पता चला है कि छात्र गणित और कंप्यूटिंग में बीटेक कर रहा था। कुछ अधूरे विषयों के कारण उसे एक्सटेंशन पर रखा गया था और वह पिछले छह महीने से हॉस्टल में रह रहा था। हालांकि पुलिस को छात्र के कमरे से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ, लेकिन इतना बड़ा कदम उठाने का कारण शैक्षणिक तनाव बताया जा रहा है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है और मामले की आगे की जांच जारी है।

# दो-तीन अरबपतियों के लिए काम करते हैं बीजेपी और मोदी

**अडानी पर कोई जांच नहीं करा सकते पीएम : राहुल**

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



**नई दिल्ली,** कांग्रेस नेता और वायनाड से सांसद राहुल गांधी ने शनिवार को चुनावी राज्य छत्तीसगढ़ में एक कार्यक्रम में अदानी समूह के स्टॉक हेरफेर के आरोपों को लेकर प्रधानमंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, भारत के पीएम अडानी पर जांच नहीं कर सकते। क्योंकि जांच के बाद नुकसान अडानी को नहीं बल्कि किसी और को होगा। छत्तीसगढ़ में अपने संबोधन में राहुल गांधी ने कहा कि मैं साफ कहता हूं कि हिंदुस्तान के प्रधानमंत्री अडानी पर कोई जांच नहीं करा सकते। क्योंकि जांच का नतीजा सामने आया तो नुकसान अडानी का नहीं किसी और का होगा।

कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि भाजपा और मोदी जी हिंदुस्तान के दो-तीन अरबपतियों के लिए काम करते हैं। उन्होंने कहा कि दुनिया के दो बड़े अखबारों ने लिखा था- मोदी जी के करीबी अडानी ने हजारों करोड़ रुपया हिंदुस्तान से बाहर देशों में भेजा। फिर स्टॉक मार्केट में अपने शेयरों का दाम बढ़ाया और उन पैसों से अडानी ने आपकी पूंजी खरीदी। मैं आपसे कहना चाहता हूं कि मध्यप्रदेश और तेलंगाना में आने वाली सरकारें अडानी की नहीं बल्कि गरीबों की सरकारें होंगी। राहुल गांधी ने कहा कि मैं साफ कहना चाहता हूं कर्नाटक सरकार हो, हिमाचल प्रदेश सरकार हो, छत्तीसगढ़ सरकार हो, राजस्थान सरकार हो या जो अभी आने वाली हैं मध्य प्रदेश, तेलंगाना सरकार ये सारी सरकारें गरीबों की सरकारें होंगी। अडानी की सरकारें नहीं होंगी।

कर्नाटक विधानसभा चुनाव में बीजेपी को मिली हार के बारे में बात करते हुए राहुल गांधी ने कहा, हर चुनाव से पहले बीजेपी एक नंबर पेश करती है। वे कहते हैं कि उन्हें 230-250 सीटें मिलेंगी। लेकिन कर्नाटक के हर गरीब व्यक्ति ने कांग्रेस को वोट दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने भारत की आर्थिक रीढ़ तोड़ दी है। जीएसटी और नोटबंदी ने छोटे व्यापारियों को बर्बाद कर दिया और यह जानबूझकर किया गया था। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के सीएम भूपेश बघेल ने कहा, "कांग्रेस पार्टी हमेशा आम लोगों को सशक्त बनाने और उन्हें उनका अधिकार दिलाने की दिशा में काम करती है।" भूपेश बघेल ने कहा कि आने वाले 5 साल में 12-15 लाख लोगों के लिए रोजगार की व्यवस्था छत्तीसगढ़ सरकार करेगी।

## राजस्थान में गहलोत नहीं, लूट की सरकार : जेपी नड्डा

### दिल्ली के अपने आकाओं को खुश करने में लगे सीएम

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

**नई दिल्ली,** आगामी राजस्थान चुनाव को लेकर भाजपा ने अपनी तैयारी शुरू कर दी है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने 'परिवर्तन संकल्प यात्रा' का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस की राज्य सरकार पर हमलकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि राजस्थान में यह अशोक गहलोत सरकार नहीं है, घर को लूटने वाली सरकार है। उन्होंने कहा कि ये सरकार भ्रष्टाचार करके दिल्ली के अपने आकांओं को खुश करने और उनकी जेब भरने का काम करती है।



इनको राजस्थान से कोई मतलब नहीं है, इसलिए ऐसी सरकार को उखाड़ फेंकना है और भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाना है। कांग्रेस का मतलब बताते हुए उन्होंने कहा कि लूट, भ्रष्टाचार, अत्याचार और कुशासन। गहलोत सरकार का मतलब है- लाल डायरी। इसलिए आने वाले चुनाव में ऐसी सरकार को बर्खास्त कर देना है।

नड्डा ने आगे कहा कि राजस्थान शांति प्रिय प्रदेश कहलाता था, वो आज बलात्कार, अनाचार, अत्याचार के रूप में जाना जा रहा है। इसलिए अब ये राजस्थान सहने वाला नहीं है। उन्होंने कहा कि यूपीए की सरकार में 12 लाख करोड़ रुपए का घोटाला हुआ। 2जी घोटाला, कोल घोटाला, कॉमनवेल्थ घोटाला, इस तरह इन्होंने अनगिनत घोटाले किए। इसलिए इनको देश से कोई लेना-देना नहीं, सिर्फ अपने भ्रष्टाचार को छुपाने और अपने परिवार को बचाने के लिए कर रहे हैं।

## बहुत घबराहट में है केंद्र सरकार

**मुझे शक है कि ये पहले चुनाव करा देंगे : सीएम नितीश**

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

पटना, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस बात पर जोर दिया कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने संसद का विशेष सत्र बुलाकर समय से पहले लोकसभा चुनाव कराने की उनकी आशंका को बल दिया है। जद (यू) नेता ने मुंबई से लौटने के बाद पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि आपको यह समझने की जरूरत है कि यह विशेष सत्र एक संकेत है कि वे शीघ्र चुनाव के बारे में सोच रहे हैं, जिसकी संभावना मैं काफी समय से देख रहा हूं और आप सभी के साथ साझा कर रहा हूं। संसद, जिसे पिछले महीने मानसून सत्र के बाद अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दिया गया था, एक विशेष सत्र के लिए 18 से 22 सितंबर तक बैठक करेगी, जिसके एजेंडे को केंद्र ने सार्वजनिक नहीं किया है।

वहीं, विपक्ष की बैठक पर नीतीश कुमार ने कहा कि यह बहुत अच्छी रही है। अब हम सब मिलकर लड़ेंगे। 5 तरह के कामों के लिए कमेटी बन गई है। केंद्र सरकार बहुत कुछ कर रही है, लोकसभा और विधानसभा के चुनाव एक साथ कराने की बात हो रही है। ये तो पहले भी होता था, ये बहुत अच्छा है। उन्होंने आगे कहा कि बहुत सी चीजें पहले होती थी, जनगणना भी हर 10 साल पर होती थी, लेकिन आपने (भाजपा) नहीं कराया, ये तो होना चाहिए था। कल इन सब पर भी बात हुई। उन्होंने दावा किया कि मुझे पहले से ही शक है कि ये पहले चुनाव करा देंगे। विपक्ष की एकता से ये खतरा महसूस कर रहे हैं। केंद्र सरकार बहुत घबराहट में है।

जद (यू) नेता, जिनकी पार्टी के लोकसभा में 16 सांसद हैं, ने 'एक राष्ट्र एक चुनाव' के बारे में सवालों का जवाब नहीं दिया, लेकिन कहा, ₹ऐसे मुद्दे हैं जिन्हें आगामी सत्र के दौरान जोरदार ढंग से उठाया जाएगा।₹ बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने कहा कि जनता जो मजबूत विकल्प चाहती थी, वो विकल्प हम तैयार कर रहे हैं।

# फेक न्यूज से बचने का मूल मंत्रः बुरा न टाइप करो, बुरा न लाइक करो, बुरा न शेयर करो

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली। भारतीय जन संचार संस्थान के पूर्व महानिदेशक प्रो. (डॉ.) संजय द्विवेदी ने राम जानकी संस्थान, दिल्ली द्वारा आयोजित दो दिवसीय पत्रकारिता कार्यशाला का शुभारंभ करते हुए कहा कि आज 99 फीसदी खबरें सोशल मीडिया से आ रही हैं। सभी के सामने यह संकट है कि किस खबर को सही मानें और किसे नहीं। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर जो लिखा जा रहा है और सूचना दी जा रही है, उसे भी मुख्यधारा के पत्रकारों का काम समझा जा रहा है, जबकि दोनों अलग हैं। इसी वजह से आज मीडिया लिटरेसी की जरुरत है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि की आसंदी से प्रो. द्विवेदी ने कहा कि मोबाइल ने व्यक्ति के व्यवहार में बड़े पैमाने पर परिवर्तन किया है। आज की सबसे बड़ी आवश्यकता मीडिया साक्षरता है। लोगों को बताना पड़ेगा



कि वे फेक न्यूज और हेट न्यूज से कैसे बच सकते हैं। मीडिया साक्षरता को लेकर एक व्यापक अभियान की आवश्यकता है। युवाओं का आह्वान करते हुए उन्होंने कहा कि फेक न्यूज से बचने का मूल मंत्र है, बुरा न टाइप करो, बुरा न लाइक करो और बुरा न शेयर करो।

प्रो. द्विवेदी के अनुसार ऐसे समाचार या विचार, जो समाज में नफरत और निराशा फैला सकते हैं, उन्हें प्रकाशित करने से बचना चाहिए। समाज का हित और विकास ही पत्रकारिता का मुख्य उद्देश्य है और पत्रकारों को इसी दिशा में काम करना होगा। उन्होंने कहा कि आपके समाचार का समाज पर क्या प्रभाव पड़ेगा, इसका मूल्यांकन आपको स्वयं करना चाहिए। लोकतंत्र के चौथे स्तंभ की मयार्दा को ध्यान में रखकर पत्रकारों को समाज में तथ्य पेश करने चाहिए।

उन्होंने कहा कि सूचना क्रांति ने पत्रकारिता के क्षेत्र को व्यापक और समृद्ध किया है। मीडिया को नकारात्मक पत्रकारिता के जाल में फंसने की बजाय, स्वस्थ पत्रकारिता सीखनी चाहिए और समाज में जो कुछ अच्छा काम हो रहा है, उसकी सूचना लोगों तक पहुंचानी चाहिए। कार्यक्रम में राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर के पत्रकारिता विभाग के पूर्व अध्यक्ष प्रो.संजीव भानावत, आरजेएस के प्रमुख उदय कुमार मन्ना, सोमन कोर्सेज (कोलकाता), कवि अशोक मलिक, आकाशवाणी के उद्घोषक निसिथ कुमार ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

## दुनिया का शांतिप्रिय देश अचानक क्यों बढ़ाने लगा अपना रक्षा बजट

**चीन-नॉर्थ कोरिया से निपटने की कर रहा सीक्रेट तैयारी?**

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली। किसी भी मुल्क के अस्तित्व पर जब संकट आने वाला हो तो वो खुद की हिफाजत के लिए किसी भी हद तक जा सकता है। दुश्मन के खतरे का अंदेशा होने पर दुनिया का सबसे शांत माने जाने वाला देश भी हथियार का जखीरा बढ़ा सकता है। ठीक ऐसा ही कुछ इन दिनों जापान कर रहा है, जिसने अपना रक्षा बजट बढ़ाने का फैसला किया है। इस साल जारी हुई ग्लोबल पीस इंडेक्स रिपोर्ट में जापान दुनिया के टॉप 10 शांतिप्रिय देशों की लिस्ट में शामिल रहा है। लेकिन आपका पड़ोसी अगर उत्तर कोरिया जैसा देश जिस पर सनकी तानाशाह किम जोंग का राज हो और शातिर आतिक्रमणवादी चीन हो तो शांत से शांत मुल्क अपनी सुरक्षा को लेकर सजग हो जाता है। यह अब कोई रहस्य नहीं है कि प्रधान मंत्री फुमियो किशिदा के तहत जापान ने आसन्न और स्पष्ट खतरे को ध्यान में रखते हुए रक्षा खर्च को जीडीपी के दो प्रतिशत तक बढ़ाने के लिए दिवंगत पूर्व प्रधान मंत्री शिंजो आबे द्वारा दिखाए गए रास्ते पर जारी रखा है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, जापानी रक्षा मंत्रालय ने वित्त वर्ष 2024 के लिए बजट के रूप में रिकॉर्ड 7.7 ट्रिलियन येन (52.67 बिलियन डॉलर) की मांग की है। जापानी समुद्र तट के आसपास के कुछ द्वीपों पर दावों और प्रतिदावों के बढ़ते मुद्दों के अलावा, क्षतिग्रस्त फुकुशिमा परमाणु संयंत्र से उपचारित रेडियोधर्मी पानी का निर्वहन है। चीन न सिर्फ जापान के कदम के खिलाफ खड़ा हुआ, बल्कि उसने जापानी समुद्री भोजन के आयात पर कड़े प्रतिबंध भी लगा दिए। भारी बजट वृद्धि के लिए रक्षा मंत्रालय के अनुरोध को इस नजर से भी देखा जा रहा है। यदि मंजूरी मिल जाती है तो यह पिछले वर्ष के 6.8 ट्रिलियन के बजट के लगभग एक ट्रिलियन येन होगा।

## सर्वे रिपोर्ट पेश करने के लिए एएसआई ने मांगा 8 हफ्ते का वक्त, 4 सितंबर को होगी सुनवाई

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

वाराणसी की एक अदालत द्वारा भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण को ज्ञानवापी परिसर में अपना सर्वेक्षण पूरा करने के लिए दी गई चार सप्ताह की समयसीमा शनिवार को समाप्त होने के साथ, हिंदू वादियों का प्रतिनिधित्व करने वाले वकीलों ने कहा कि एएसआई अदालत से और समय की मांग की है और प्रारंभिक रिपोर्ट प्रस्तुत कर सकता है। हिंदू पक्ष का प्रतिनिधित्व करने वाले वकील सुधीर त्रिपाठी ने कहा कि उन्हें लगता है कि ₹सर्वेक्षण अभी तक पूरा नहीं हुआ है। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने शनिवार को ज्ञानवापी परिसर के सर्वे और इसकी रिपोर्ट दाखिल करने के लिए 8 सप्ताह का समय मांगा है। एएसआई के प्रार्थना पत्र पर चार सितंबर को सुनवाई होगी।

त्रिपाठी ने एएनआई को बताया कि एएसआई प्राथमिक रिपोर्ट दे सकता है



लेकिन उन्हें अभी अंतिम रिपोर्ट नहीं देनी चाहिए क्योंकि सर्वेक्षण अधूरा है। लंच के बाद कोर्ट इस मामले पर सुनवाई करेगा. ऐसी संभावना है कि एएसआई अदालत से और समय मांग सकता है। हिंदू वादियों का प्रतिनिधित्व करने वाले वकील शुभाष नंदन चतुवेर्दी ने कहा कि वाराणसी जिला अदालत द्वारा एएसआई को अपना सर्वेक्षण पूरा करने के लिए दिया गया चार सप्ताह का समय शनिवार को समाप्त हो रहा है। उन्होंने कहा कि हमें लगता है कि सर्वेक्षण अभी पूरा नहीं हुआ है और एएसआई तारीख बढ़ाने का अनुरोध कर सकता है।

'वुजुखाना' को छोड़कर, काशी विश्वनाथ मंदिर से सटे परिसर का वैज्ञानिक सर्वेक्षण, इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेश के बाद, 4 अगस्त को शुरू हुआ, जिसने एएसआई को यह निर्धारित करने के लिए सर्वेक्षण करने की अनुमति दी थी कि क्या 17 वीं शताब्दी की मस्जिद का निर्माण किया गया था। एक हिंदू मंदिर की पहले से मौजूद संरचना। इससे पहले, हिंदू पक्ष के वकील विष्णु शंकर जैन ने कहा था कि ज्ञानवापी मस्जिद मामले में अदालत के बाहर समझौता ₹कानूनी रूप से संभव नहीं है।

## संक्षेप

### हापुड़ में अधिवक्ताओ की पिटाई मामले में नाराज वकीलों ने सौंपा ज्ञापन

**मोहनलालगंज।** हापुड़ में अधिवक्ताओ की बेहरमी से पिटाई मामले में वकीलो का आक्रोश थमने का नाम नही ले रहा है, मोहनलालगंज में भी अधिवक्ता कार्य बहिष्कार कर अपना विरोध जता रहे है, शनिवार को वरिष्ठ अधिवक्ता उमेश तिवारी ने दर्जनो वकीलो के साथ एसडीएम हनुमान प्रसाद मौर्य से मिलकर मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन सौपते हुये अधिवक्ताओ के साथ मारपीट करने वाले पुलिसकर्मियों के विरूद्व मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही किये जाने समेत हापुड़ के एसपी व डीएम को हटाये जाने की मांग भी की।वरिष्ठ अधिवक्ता उमेश तिवारी ने अधिवक्ताओ के साथ हापुड़ में हुयी घटना की कड़े शब्दो में निंदा करते हुये कहा सीएम योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर दोषी पुलिसकर्मियों पर कार्यवाही समेत एसपी व डीएम को हटाये जाने की मांग की गयी है।

### डीडीसी उपचुनाव में सपा प्रत्याशी रेशमा रावत का समर्थन करेगी काग्रेंस पार्टी

मोहनलालगंज।लखनऊ जिला पंचायत के वार्ड-18 के उपचुनाव में काग्रेंस पार्टी ने सपा प्रत्याशी रेशमा रावत के समर्थन करते हुये कार्यकर्ताओ से सपा प्रत्याशी का सहयोग कर जिताने के निर्देश दियें है।लखनऊ काग्रेंस कमेठी के जिलाध्यक्ष वेद प्रकाश त्रिपाठी ने बीते शुक्रवार को पत्र जारी करते हुये बताया पार्टी हाईकमान के निर्देश पर जिला पंचायत के वार्ड-18के उपचुनाव में सपा प्रत्याशी रेशमा रावत के समर्थन का फैसला लिया गया है, पार्टी के सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओ को सपा प्रत्याशी के चुनाव में प्रचार-प्रसार कर भारी मतो से जिताने का आव्हान किया गया है।

### व्यापारी के घर के बाहर से ईको कार ले उड़े बैखोफ चोर

**मोहनलालगंज।** मोहनलालगंज कस्बे में व्यापारी के घर के बाहर खड़ी मारूति ईको कार शुक्रवार की देर रात बैखोफ चोर ले उड़े।शनिवार की सुबह व्यापारी व उसके परिजनो ने घर के बाहर खड़ी कार गायब देखी तो होश उड़ गये। कार चोरी की घटना कोतवाली व कस्बा चौकी से बमुश्किल तीन सौ मीटर पर अजांम दी लेकिन पुलिस को भनक तक नही लगी।पीड़ित व्यापारी की तहरीर पर पुलिस अज्ञात चोरो पर मुकदमा दर्ज कर तलाश ? में जुट गयी हैं।मोहनलालगंज कस्बा निवासी मनोज कुमार साहू ने बताया सीएचसी के सामने हाइवे पर स्थित घर के भूतल पर उन्होने जनरल स्टोर खोल रखा है ओर प्रथम तल पर परिवार संग रहते थे, शुक्रवार को जनरल स्टोर बंद कर अपनी मारूति ईको कार खड़ी कर प्रथम तल पर चले गये ओर खाना-पानी खाने के बाद सो गयें, देर रात बैखोफ चोर घर के बाहर खड़ी उनकी ईको मारूति कार चुरा ले गयें, शनिवार की सुबह सोकर उठने पर नीचे आकर दुकान खोलने पहुंचा तो अपनी कार गायब देखी तो व्यापारी के होश उड़ गये, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी तो वो मौके पर जांच करने पहुंची ओर छानबीन कर वापस लौट गयी।इंस्पेक्टर संतोष कुमार आर्य ने बताया पीड़ित व्यापारी की तहरीर के आधार पर अज्ञात चोरो पर चोरी की धारा में मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

# चार शिकायतों के बाद भी राजाखेड़ा में सरकारी खलिहान की जमीन से नहीं हटा अवैध कब्जा

**(मोहनलालगंज के विश्रामखेड़ा के युवक ने बुजुर्ग मां की 50लाख कीमत की जमीन डरा धमकाकर रजिस्ट्री कराने समेत बंधक बनाने का आरोप, एसीपी ने पुलिस को दिये जांच कर कार्यवाही के निर्देश)**



अमन लेखनी समाचार

**मोहनलालगंज** ।मोहनलालगंज तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में शनिवार को अपर जिलाधिकारी पूर्वी अमित कुमार सिहं ने उपजिलाधिकारी हनुमान प्रसाद मौर्य व सहायक पुलिस आयुक्त नितिन सिहं की मौजूदगी में फरियादियों की शिकायतें सुनकर निस्तारण के निर्देश दियें ।मोहनलालगंज तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में अपर जिलाधिकारी पूर्वी अमित कुमार सिहं से मोहनलालगंज नगर पंचायत के राजाखेड़ा गांव निवासी संदीप कुमार ने लिखित शिकायत करते हुये हुये बताया दो सम्पूर्ण समाधान दिवसो, एक विशेष भूमि विवाद निस्तारण दिवस व थाना समाधान दिवस में लिखित शिकायत के बाद भी उसके गांव राजाखेड़ा में स्थित गांटा स०-3861 जो कि सरकारी अभिलेखो में खलिहान दर्ज है अवैध कब्जा नही हटाया गया ।एडीएम ने तहसीलदार को राजस्व टीम के साथ मौके पर जाकर तत्काल अवैध कब्जा हटवाये जाने के निर्देश दियें ।दूसरी शिकायत रामसुजित निवासी विश्रामखेड़ा मजरा दहियर ने दर्जनो ग्रामीणो के साथ पहुंचकर करते हुये बताया उसकी 70वर्षीय बुजुर्ग मां को डरा धमकाकर गांव में रहने वाले इन्द्रपाल ने अपनी पत्नी मीना कुमारी के नाम 50लाख कीमत की साढे नौ बिस्वा जमीन 1लाख 20हजार रुपए में अपने नाम करा ली, जमीन अपनी पत्नी के नाम कराने के बाद इन्द्रपाल ने बुजुर्ग मां को अपने घर पर बंधक बना रखा है ओर घर से बाहर आने नही देता है, बुजुर्ग मां की तबीयत भी बहुत खराब रहती है.जमीन रजिस्ट्री कराये जाने की बात सुनकर जब वो इन्द्रपाल के घर अपनी मां से मिलने पहुंचा तो गाली-गालौज कर उसे वहा से भगा दिया ओर धमकाते हुये कहा तुम्हे व तुम्हारी मां दोनो को जान से मार देगें ।एसीपी नितिन सिहं ने शिकायत को गम्भीरता से लेते हुये मोहनलालगंज पुलिस को जांच कर कार्यवाही के निर्देश दियें ।ब्रजभान सिहं निवासी गोपालखेड़ा ने लिखित शिकायत करते हुये बताया ब्रम्हदासपुर में उनकी कृषि योग्य जमीन है, सरकारी चकमार्ग कब्जा होने से वो व अन्य किसान अपनी जमीन तक नही पहुंच पा रहे हैं ।पूर्व में दर्जनो शिकायतो के बाद भी चकमार्ग से अवैध कब्जा नही हटाया जा सका है ।गोमतीनगर निवासी ओकार नाथ उपाध्याय ने शिकायती पत्र देते हुये बताया मस्तेमऊ में उनकी कृषि योग्य भूमि पर जिस पर जाने के लिये सरकारी चकमार्ग था लेकिन पड़ोसी काश्तकार ने चकमार्ग कब्जा कर लिया हैं पूर्व में शिकायत के बाद भी चकमार्ग से अवैध कब्जा नही हटाया जा सका है ।एसडीएम ने चकमार्ग पर अवैध कब्जे की दोनो ही शिकायतों को गम्भीरता से लेते हुये नायाब तहसीलदारो को राजस्व व पुलिस टीमो के साथ मौके पर जाकर कार्यवाही किये जाने के निर्देश दियें ।इस मौके पर तहसीलदार आनन्द तिवारी, गोसाईगंज बीडीओ निशान्त राय, एडीओ कमल किशोरी शुक्ला, एडीओ अशोक यादव, नायाब तहसीलदार अनुपम वर्मा समेत सभी विभागो के अधिकारी मौजूद रहें।

## गांव के मुख्य मार्ग पर कीचड़ व गंदगी का अंबार , राहगीर परेशान



अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** माल विकास खण्ड का ग्राम अटेर में स्वच्छता अभियान की पोल खोल रहा है। सफाई कार्य न होने से गांव का मुख्य मार्ग ही गंदगी से पट गया है। बरसात के समय घरों से निकलने वाले पानी ने गलियों को नालियों में तब्दील कर दिया है। बावजूद जिम्मेदार आंख बंद किए बैठे हैं। इसके बावजूद विभागीय लापरवाही के कारण गांवों में सफाई व्यवस्था चरमराई दिख रही है। कई गांवों में नालियों की सफाई न होने से सड़कों पर नाबदान का पानी बहता रहता है। इसके अलावा नालियों का पानी ओवरफ्लो होकर गलियों में बहता रहता है। इन दिनों गलियों व नालियों में जलभराव के कारण मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। जिससे संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा बढ़ गया हैं। पंचायत में समुचित सफाई नहीं कराने से सरकार के स्वच्छता मिशन पर उंगली उठने लगी है। सरकार के द्वारा पंचायतों की सफाई के लिए प्रति वर्ष राशि दी जाती है। लेकिन ब्लॉक के अधिकारियों की उदासीनता के चलते छोटे नन्हे मुन्ने बच्चों को स्कूल जाने के लिए सड़क पर भरे कीचड़ युक्त गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ रहा है। जिससे आए दिन बच्चे गिरकर चोटिल हो रहे हैं।

# जब मऊ दंगों में जल रहा था तब हमने ही उन दंगाबाजों के खिलाफ खोला था मोर्चा : योगी

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ/घोसी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि घोसी का महत्व वही समझ पाएगा जिसने 2005 में मऊ दंगों को देखा है। तब सपा की सरकार थी और वह कुछ नहीं कर पाई थी। तब भी इन दंगाबाजों के खिलाफ हमने ही मोर्चा खोला था। हम कोई जाति समाज नहीं देखते थे। जो यहां दंगों की आग लगाते थे वो अब व्हीलचेयर पर जान की भीख मांगते दिखते हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को घोसी विधानसभा उपचुनाव के लिए एक चुनावी जनसभा में बोल रहे थे। उन्होंने एनडीए उम्मीदवार दारा सिंह चौहान के समर्थन में विपक्षी दल कांग्रेस, खास कर समाजवादी पार्टी पर करारा प्रहार करते हुए कहा कि घोसी का विकास नहीं, खुद का विकास विपक्ष का एजेंडा रहा है। उन्होंने कहा कि लोग पीडीए की बात करते हैं, हमने तो सबका साथ सबका विकास किया है। हम बिना भेदभाव की शासन प्रक्रिया को स्थापित कर रहे हैं।

### संकट की घड़ी में होती है असली पहचान, हम हर कसौटी पर खरा उतरे

घोसी की धरती को ऋषियों की पावन धरा बताते हुए मुख्यमंत्री योगी ने कहा, संकट की घड़ी में ही असली पहचान होती है। कोरोना संकट में कांग्रेस का चरित्र किसी से छुपा नहीं है, सपा सुप्रीमो भी अपने घर में दुबक गए थे। तब याद कीजिए यही मोदी और योगी आपकी सेवा के लिए तत्पर थे। हम हर जगह जाते थे और 2 करोड़ से ज्यादा वैक्सीन की खुराकें हमने मुफ्त में दीं। एक तरफ देश ने आपदा से लड़ाई की, वहीं हमने गरीबों के कल्याण के लिए भी काम किया। अब कोई गरीबों का हक नहीं मार सकता, बड़ी-बड़ी परियोजनाओं का लाभ सबको पूरी निष्पक्षता से मिल रहा है।



### भाजपा ने ही किया घोसी का विकास

सीएम योगी ने सपा पर निशाना साधते हुए कहा कि सपा ने तो चीनी मिलों को लेकर कोई प्रयास नहीं किया, लेकिन हम यहां चीनी मिलों के एक्सपैंशन के लिए भी काम कर रहे हैं। इसी घोसी में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हो, आईटीआई हो या पालीटेक्निक हो, यह सभी यहां के बीजेपी के जन प्रतिनिधियों के कार्यकाल में ही बने। हम घोसी को बुलेट ट्रेन से जोड़ने आए हैं। सपा से पूछिए, जन्माष्टमी के आयोजन पर सपा ने रोक लगा दी थी। हमने इसे वापस भव्यता से मनाने का मार्ग सुनिश्चित किया। ये राम भक्तों पर गोली चलवाने वाले लोग हैं और हमने राम मंदिर का निर्माण करके दिखा दिया। आज घोसी में 4 लेन सड़कें हैं और गोरखपुर हो या वाराणसी हमने ऐसी सड़कें बनवाई हैं कि लखनऊ से यहां की दूरी अब बेहद कम हो गई है।

### कांग्रेस और सपा के लोग तो इस क्षेत्र में झांकते तक नहीं

सीएम योगी ने कहा कि कांग्रेस और सपा के लोग तो इस क्षेत्र में झांकते तक नहीं है। सपा ने तो भीमराव अंबेडकर और कांशीराम विश्वविद्यालय का नाम अपने लिहाज से बदल दिया था। महापुरुषों का इससे बड़ा अपमान क्या हो सकता है। सामाजिक अन्याय का शंखनाद समाजवादी पार्टी ने किया था। इनके जीन्स में ही नफरत है। ऐसे में विकास की बातें इनके मुंह से हास्यास्पद लगती है। इनके काल में केवल चाचा-भतीजा और एक परिवार का ही विकास हुआ। प्रदेश के विकास को बाधित किया। युवाओं के सामने रोजगार संकट खड़ा किया। आज केंद्र और राज्य में भाजपा की डबल इंजन की सरकार काम कर रही है। विकास की इस रफ्तार को हर गांव, हर कोने में पहुंचाने का प्रयास कर रही है। आपने नगर निकाय में देखा होगा, सभी दिशाओं में भाजपा का ही परचम लहराया था। सभी 17 निकायों में एनडीए ने जीत दर्ज की थी। इसी को घोसी में भी लागू करना होगा।

### सुबह का भूला शाम को लौट आए तो उसे भूला नहीं कहते: योगी

दारा सिंह चौहान के बारे में सीएम योगी ने कहा कि जो सुबह का भूला शाम को घर आ जाए तो उसे भटका हुआ नहीं कहा जाता। दारा सिंह भी घर वापस आ गए हैं और राजनीति के दिग्गज हैं। घोसी के कल्याण के लिए आपको किसी के आगे हाथ फैलाने की जरूरत नहीं है। हम आपकी सेवा के लिए प्रतिबद्ध हैं। कोई भी आपके और घोसी के विकास के बीच नहीं आ सकता है। ये कार्य केवल हम ही कर सकते हैं। यहां ऐसा विकास हुआ है कि कब आप मऊ में बैठे और कब लखनऊ पहुंच गए पता ही नहीं लगेगा। अयोध्या में श्रीराम मंदिर निर्माण हो, श्री काशी विश्वनाथ में पहले कितनी पतली गली थी, अब देखिये कितना भव्य गलियारा है। आप सबसे हम सहयोग मांगने आए हैं।

जनसभा में मुख्यमंत्री योगी के साथ मंच पर भाजपा उम्मीदवार दारा सिंह चौहान के अलावा सूर्य प्रताप शाही, ओम प्रकाश राजभर, संजय निषाद , भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, डॉ. शंकर निषाद, आशीष पटेल, अनिल राजभर, सहजानंद राय आदि नेतागण मौजूद थे।

## फुफेरी बहन से छेड़छाड़ का विरोध करने पर युवको ने भाई को पीटकर मरणासन्न, पुलिस ने टरकाया

**(पीड़ित की शिकायत पर आरोपी युवको पर कार्यवाही की बजाय मोहनलालगंज पुलिस ने टरकाया)**

**(सम्पूर्ण समाधान दिवस में मोहनलालगंज एसीपी से शिकायत कर पीड़ित मां ने की कार्यवाही की मांग)**

अमन लेखनी समाचार

**मोहनलालगंज।** मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने लिखित शिकायत करते बताया 31अगस्त को रक्षाबंधन पर उसका बेटा अपनी पत्नी को बाइक से तेलीबाग स्थित मायके छोड़कर अपनी फुफेरी बह ?न को साथ लेकर रात आठ बजे के करीब अपने घर वापस आ रहा था, तभी बाइक सवार संदीप निवासी तेलीबाग अपने अन्य तीन साथियों संग उसका पीछाकर करने लगा , बेटा जैसे ही मोहनलालगंज के पुराने पावर हाउस से मऊ जान वाले मार्ग पर रेलवे क्रासिगं के पास पहुंचा तो दबंग युवको ने बेटे की बाइक को जबरन रोककर फुफेरी बहन से छेड़छाड़ करते हुये उसे बाइक से बुरी नियत से खिचनें लगे, इस दौरान उसने विरोध किया तो दबंगो ने लात घूसो से बुरी तरह पिटाई कर उसे मरणासन्न कर दिया ? ।इस दौरान ग्रामीणो को आता देख आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुये मौके से भाग निकले ।सूचना के बाद मौके पर पहुंचे परिजन घायल युवक को इलाज के लिये निजी अस्पताल लेकर गये ।पीड़ित मां का आरोप है मोहनलालगंज पुलिस से शिकायत कर कार्यवाही की मांग की तो पुलिस ने मारपीट की घटना पीजीआई क्षेत्र में होने की बात कहकर बिना कार्यवाही टरका दिया, शनिवार को पीड़ित मां ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में पहुंचकर एसीपी नितिन सिहं से शिकायत कर घटना मोहनलालगंज में होने की बात कहकर आरोपी युवको पर कार्यवाही की मांग की तो एसीपी ने मोहनलालगंज पुलिस को जांच कर कार्यवाही के निर्देश दियें ।पीड़ित मां ने बताया फुफेरी बहन के साथ छेड़छाड़ के विरोध बेटे के साथ हुयी मारपीट की घटना आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरो में भी कैद हुयी है ।पूरे मामले में इंस्पेक्टर संतोष कुमार आर्य ने बताया पीड़िता की शिकायत पर जांच की गयी लेकिन घटना व मारपीट पीजीआई के तेलीबाग में होना पाया गया था जिसके बाद पीजीआई पुलिस से शिकायत करने की बात कही गयी थी, फिर भी अगर परिजन अड़े है तो बताये गये घटना स्थल के आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरो की फुटेज चेक करायी जायेगी ।वही जांच में युवक से ससुराल में मारपीट होने की बात सामने आयी है, उसके ससुरालीजनो को भी रविवार को बुलाया गया है।

## यूपी में कानून व्यवस्था ध्वस्त, बेखौफ अपराधी सरे आम कर रहे हैं हत्या-अखिलेश यादव

अमन लेखनी समाचार



**लखनऊ ब्यूरो।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने शनिवार को एक बयान में कहा कि उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था की हालत बेहद खराब है। बेखौफ अपराधी और दबंग सरेआम हत्याएं कर रहे हैं। गाजियाबाद से लेकर गाजीपुर और गोरखपुर तक अपराधी खूनी खेल-खेल रहे है। महिलाएं, बेटियां और आम आदमी कहीं भी सुरक्षित नहीं है। श्री यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में हालात तो यह हो गये है कि बहन और बेटियां घर में भी सुरक्षित नहीं है। अपराधी घर में घुसकर गोलियां मार रहे हैं और हत्या कर रहे हैं। महिलाएं और बेटियां दहशत में है। श्री यादव ने कहा कि गाजियाबाद में बेटियों ने अपने ही स्कूल के प्रिंसिपल के खिलाफ खून से पत्र लिखकर अपने दुख, दर्द का इजहार किया लेकिन भाजपा सरकार संवेदनशून्य बनी रही। बेटियों ने प्रिंसिपल पर अपने कमरे में बुलाकर यौन शोषण का आरोप लगाया। बलिया में दबंग ने घर में घुसकर बेटी की हत्या कर दी। कानून व्यवस्था में अव्वल होने का दावा करने वाली भाजपा सरकार में महिला सिपाही भी सुरक्षित नहीं है। अयोध्या में पैसेंजर ट्रेन में महिला हेड कांस्टेबल से रेप की वारदात दिल दहलाने वाली घटना है। सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव ने कहा कि लखनऊ में मंत्री आवास पर बेटे के दोस्त की हत्या हुई। कानपुर दक्षिण में थाने के सामने ट्रांसपोर्ट भवन में युवक का कत्ल हो गया। औरैया में ईंट से कूचकर दोस्त को मार डाला। गाजीपुर में बुजुर्ग की ईंट से सिर कूचकर हत्या कर दी गई। लखनऊ में सरे राह लड़की को स्कूटी से खींचकर रेप का प्रयास किया गया, विरोध पर चाकू से 16 वार किए गए। पीजीआई क्षेत्र में सैन्य कर्मी की बेटी से पहले भी आरोपित ने छेड़छाड़ की थी पर पुलिस लापरवाह बनी रही। श्री यादव ने कहा कि प्रयागराज में छेड़छाड़ का विरोध करने पर दबंगों ने एक भाई की हत्या कर दी। जौनपुर में ही पिछले दिनों सरेआम छात्र नेता के पिता की हत्या कर दी गई। प्रदेश में हत्या, लूट, दबंगई और छेड़खानी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही है, क्या यही भाजपा सरकार का जीरो टॉलरेंस है? घूम-घूम कर कानून व्यवस्था पर जीरो टॉलरेंस की बात करने वाली भाजपा सरकार कहां है?

श्री यादव ने कहा कि ऐसा लगता है कि उत्तर प्रदेश में सरकार नाम की चीज नहीं है। अपराधी जो चाहे, जहां चाहे अपराध कर रहे हैं। मुख्यमंत्री पिछले 7 सालों से दावा कर रहे हैं कि अपराधी उत्तर प्रदेश छोड़कर भाग गए हैं, तो क्या जो अब अपराध हो रहा है, वह भाजपा के लोग कर रहे हैं या उन्हें सरकार का संरक्षण मिला हुआ है? उत्तर प्रदेश में अपराधी बेखौफ है। उनमें कानून का डर नहीं है।

## चंद्रमा के साथ अब सूर्य भी बनेगा आत्मनिर्भर भारत की शक्ति का साक्षीः सीएम योगी

**भारत के पहले सोलर मिशन आदित्य-एल1 की सफलतापूर्वक लॉन्चिंग पर योगी ने इसरो की पूरी टीम को दी बधाई**

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ ब्यूरो।** भारत का पहला सोलर मिशन आदित्य-एल1 शनिवार को श्रीहरिकोटा से सफलतापूर्वक लॉन्च कर दिया गया। भारतीय स्पेस मिशन की इस ऐतिहासिक सफलता पर मुख्यमंत्री योगी ने इसरो को पूरी टीम को बधाई देते हुए इसे आत्मनिर्भर भारत की शक्ति और सामर्थ्य का प्रतीक बताया।सीएम योगी ने इस मिशन की पूर्ण सफलता की कामना भी की।

### 140 करोड़ देशवासियों की आशाओं का नया सूर्य

श्री योगी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर लिखा, संपूर्ण मानवता की सेवा के ध्येय के साथ आज नए भारत की सामर्थ्य का प्रतीक PSLV-C57/Aditya-L1 मिशन सफलतापूर्वक लॉन्च हो गया। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में 140 करोड़ देशवासियों की आशाओं का नया सूर्य बने इस प्रतिष्ठित मिशन की पूर्ण सफलता के लिए अनेक मंगलकामनाएं। चंद्रमा के साथ ही अब सूर्य भी आत्मनिर्भर भारत की शक्ति का साक्षी बनेगा। इसरो सहित पूरी टीम को हार्दिक बधाई।

### सूर्य को निहारेगा आदित्य

भारत के वैज्ञानिकों ने शनिवार को सूरज का राज जानने आदित्य-एल1 को भेजा है। श्रीहरिकोटा के सतीश धवन स्पेस सेंटर से देश के पहले सोलर मिशन को लॉन्च किया गया। एक घंटे से ज्यादा की यात्रा के बाद इसे निर्धारित कक्षा में स्थापित किया गया। अगले लगभग चार महीनों में करीब 15 लाख किलोमीटर की यात्रा कर यह छ1 पॉइंट तक पहुंचेगा। सूर्य से कई करोड़ किलोमीटर दूर रहते हुए आदित्य उसे लगातार निहारेगा। सूर्य के बारे में अधिक से अधिक जानकारी जुटाने की कोशिश होगी। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संस्थान (इसरो) को उम्मीद है कि चंद्रयान-3 की तरह आदित्य-एल1 मिशन भी अपने मकसद में पूरी तरह कामयाब होगा।

# समाधान दिवस में आयी 78 शिकायतों में दस का हुआ निस्तारण

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊः** संपूर्ण समाधान दिवस पर शनिवार को मलिहाबाद तहसील सभागार में एडीएम सिटी सिद्धार्थ ने संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जनता की समस्याएं सुनी और सम्बंधित अधिकारियों को समय से निस्तारण के लिए निर्देशित किया। समाधान दिवस में आयी 78 शिकायतों में दस का हुआ निस्तारण शेष शिकायतों को संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया गया। समाधान दिवस में ग्राम चांदपुर निवासी प्रवीण कुमार सहित ग्राम वासियों ने करीब तीन महीने से लगातार समाधान दिवस पर शिकायती पत्र देकर 26 वर्ष पुरानी सड़क जो पूरी तरह से जर्जर हो चुकी है, गांव के मुख्य मार्ग को मरम्मती कारण को लेकर कई बार लखनऊ जिलाधिकारी सहित अन्य कई अधिकारियों से गुहार लगा चुके हैं। लेकिन अभी तक समस्या का समाधान नहीं हो सका। जिससे ग्रामीणों में सरकार के विरुद्ध आक्रोश व्यक्त है। वहीं अधिवक्ता रामकुमार ने शिकायती पत्र के माध्यम से बताया कि ग्राम शेरपुर, भौंसा, कुंडरा कला, कुंडराखुर्द में इस वर्ष पर्याप्त मात्रा में बारिश होने के कारण धान की फसल सूख रही है। और करीब एक साल से नहर में पानी न आने के कारण किसानों की फैसले सुख रही हैं। कई बार शिकायत करने के बावजूद भी सिंचाई विभाग के अधिकारियों के ढुल मूल रवैया के चलते ऐसे ही प्रार्थना पत्र का निस्तारण कर दिया जाता है। जिससे किसानों में भारी आक्रोश है। अपर जिलाधिकारी सिटी ने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान दिया जाए। ताकि शिकायतकर्ता को बार-बार परेशान ना होना पड़े। साथ ही कहा कि शिकायतों को ग्राउंड लेवल पर निस्तारण कर शिकायतकर्ता को संतुष्ट किया जायें। समाधान दिवस पर तहसीलदार विजय कुमार, एसीपी वीरेंद्र विक्रम सिंह, मलिहाबाद खंड विकास अधिकारी रविंद्र मिश्र सहित संबंधित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।



### पिंक बूथ के पास विदेशी महिला से छेड़छाड़

**लखनऊ,** लखनऊ में एक रिक्शा चालक ने विदेशी मूल की महिला के साथ छेड़छाड़ कर कपड़े उतारने की कोशिश की। इसी बीच आसपास के लोगों के शोर मचाने पर भागने की कोशिश की। भीड़ ने रिक्शा चालक को पास ही स्थित पिंक बूथ पर मौजूद महिला पुलिस कर्मियों के हवाले कर दिया। कर्मियों ने महिला को अपने साथ थाने ले जाकर परिजनों को सूचना दी। बताया जा रहा है कि महिला की मानसिक हालत ठीक नहीं है। वह घर से बिना बताए निकल आई थी, जिसका रिक्शा चालक ने फायदा उठाने की कोशिश की। पुलिस जांच में सामने आया है कि मूल रूप से रायबरेली निवासी रिक्शा चालक पन्ना लाल विदेश मूल की महिला को करीब एक घंटे तक हजरतगंज इलाके में घूमता रहा। इसके बाद चिड़ियाघर के पास स्थित पिंक बूथ की बगल वाली सुनसान गली में ले गया।

## संक्षेप

### गंगा के जलस्तर में एक सेंटीमीटर प्रति घंटे रफ्तार से दर्ज की गई गिरावट

शुक्लागंज, उन्नाव। शुक्रवार शाम से शनिवार शाम के बीच गंगा के जलस्तर में एक सेंटीमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से गिरावट दर्ज की गई। इसके बावजूद नगर व ग्रामीण क्षेत्र के सैकड़ों मकानों के आस पास बाढ़ का पानी भरा होने से लोगों को खासी दिक्कतें उठानी पड़ रही है। जलस्तर घटने के कारण तमाम मोहल्लों से धीरे-धीरे पानी निकलने लगा है। वहीं खाली प्लाटों और कच्ची गलियों में बाढ़ का पानी भरा होने से लोगों को खासी दिक्कतें उठानी पड़ रही है। वहीं गंदगी का अंबार होने से क्षेत्र में संक्रामक बीमारियां भी फैल रही हैं। इसके साथ ही वॉयरल बुखार ने भी बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में पैर पसार दिये हैं। जिससे अधिकांश लोग बुखार, सर्दी, जुकाम, खासी की चपेट में आ गये हैं। वहीं स्वास्थ्य विभाग की ओर से इन क्षेत्रों में दवाइयां को वितरण नहीं कराया गया और न ही पालिका की ओर से एंटी लार्वा और फागिंग कराई गई।

### दर्जनों गांवों की जलापूर्ति हुई ठप्प, ग्रामीण परेशान

शुक्लागंज, उन्नाव। गंगाघाट क्षेत्र के पोनी गांव और जालिमखेड़ा के पंप हाउस से दर्जनों गांवों की जलापूर्ति होती है। पंप हाउस की मोटर पिछले दस दिनों से खराब है। जिस पर गांव में रहने वाले लोग दूर दराज से पानी लाते हैं। यहां तक सैकड़ों ग्रामीण साइकिल और मोटरसाइकिल से बदरका से पानी जाने को मजबूर है। ग्रामीणों ने बताया कि कई बार जल विभाग को इसकी जानकारी दी। इसके बावजूद विभाग ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। जिस कारण धनईयां, पोनी, निहालखेड़ा, मझरा पीपरखेड़ा, कटहा, दलनारायणपुर, हैवतपूर, नयाखेड़ा, घोंघी, महदिनवा, रौतापुर, भिटवा, पहाड़ापुर, मेडिया खेड़ा समेत करीव डेढ़ दर्जन से अधिक गांवों में जलापूर्ति बंद पड़ी है। जिससे लोगों को भीषण गर्मी में शुद्ध पानी के लिये परेशान होना पड़ा रहा है। ग्रामीणों की समस्या को देखते हुये शनिवार को पंचायत सदस्य अनूप कुमार ने पानी का टंकी मंगवाई। जहां पानी भरने के लिये कई गांव के ग्रामीण पहुंचे।

### माइनर के पानी में गिरने से युवक की पानी में डूबने से मौत

उन्नाव। माखी थाना क्षेत्र के महावीरखेड़ा गांव के रहने वाले युवक की शनिवार सुबह माइनर के पानी में गिर जाने से डूबकर मौत हो गई। जानकारी पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। महावीरखेड़ा गांव के रहने वाले सुनील यादव उन्नीस वर्षीय बेटा हिमांशू बाए हाथ व पैर से विकलांग था। सुबह धान के खेत में पानी लगाने के लिए चला गया। इसी दरम्यान माइनर में गिर जाने से डूबकर मौत हो गई। परिजनों के मुताबिक मिर्गी का दौरा पड़ता था। घर से निकल जाने पर परिजन उसकी खोजबीन कर रहे थे। तभी ग्रामीणों ने शव पड़ा देखा तो परिजनों को सूचना दी। ग्रामीणों से हिमांशू के निकाले जाने के बाद जिला अस्पताल की इमर्जेंसी ले जाया गया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी पर पुलिस ने जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की गई है। दो भाईयों में हिमांशू छोटा था। मौत को लेकर मां सीता व बड़ा भाई प्रिशूं तथा पिता रो-रोकर बेहाल होते रहे। पिता सुनील खेती कर परिवार का भरण पोषण करते है।

# 15 दिवसीय कौशल सुधार प्रशिक्षण का किया गया समापन

**अमन लेखनी समाचार**




उन्नाव। मंडलीय ग्रामोद्योग प्रशिक्षण केंद्र उत्तर प्रदेश खादी ग्राम उद्योग बोर्ड डालीगंज लखनऊ द्वारा आयोजित 15 दिवसीय कौशल सुधार प्रशिक्षण का समापन आज डॉ राम मनोहर लोहिया निरीक्षण भवन पुरवा के सभागार में किया गया जिसमें सिलाई कटाई वह ब्यूटी पार्लर की 75 प्रशिक्षार्थी यों को सर्टिफिकेट व छात्रवृत्ति वितरित की गई मुख्य अतिथि डॉ रजनीश वर्मा जिला मंत्री भाजपा वशिष्ठ अतिथि शुभम श्रीवास्तव मंडल अध्यक्ष भाजपा रहे मुख्य अतिथि ने 15 दिन में सिखाए गए प्रशिक्षण मे प्रशिक्षार्थी के द्वारा बनाए गए सिलाई कटाई में सलवार सूट, बेबी फ्रॉक, पेटिकोट, ब्लाउज, ट्राउजर, स्कर्ट के सैंपलों का अवलोकन किया तथा सभी प्रशिक्षाथीयो के द्वारा सिलाई किए गए कपड़े को दिखाया गया जिसमें मुख्य अतिथि द्वारा बनाए गए सैंपलों व कपड़ों का अवलोकन करते हुए कहा कि प्रशिक्षण बहुत ही सराहनीय रहा और इतने कम समय में सभी प्रषार्थियों ने मन लगाकर सीखा तभी यह संभव हो पाया कि आप लोग इतना अच्छा सीख पाए प्रशिक्षण प्रभारी महेंद्र प्रताप सिंह अपने विभाग द्वारा जो सामग्री प्रशिक्षार्थियों को दी गई उसका अवलोकन करते हुए कहा कि आप सभी ने इसका उपयोग सही ढंग से किया है और मन लगाकर प्रशिक्षण प्राप्त किया है तभी यह सामने परिणाम दिख रहा है कि आप सभी अच्छे ढंग से कुशल प्रशिक्षण प्राप्त किए हैं प्रशिक्षण का संचालन बेचेलाल राजपूत राज्य शिक्षक ने किया इस अवसर पर जितेंद्र नाथ शुक्ला तकनीक तकनीकी सहायक, योगेश अग्निहोत्री, प्रधान प्रतिनिधि ग्राम पंचायत नवाव डेली दिन लोधी, अमित सिंह मंडल महामंत्री भाजपा असोहा धीरेंद्र कुमार मंडल उपाध्यक्ष भाजपा, मास्टर ट्रेनर सोनी देवी, रुचि देवी, पूजा देवी, जूली, रजनी व प्रतिभागी प्राची वर्मा, यामिनी, खुशबू, अनीता, सुमन, गीता, आंचल, अंजलि, शकीला बानो, मौसमी, दीपाली रोली शिवांगी साक्षी, शिक्षा, रीना, मंजू, स्मिता पटेल कोमल आदि 75 महिला, प्रशिक्षार्थी मौजूद रही।

# डीएम ने खननकर्ता पर की बड़ी कार्रवाई, दो साल के लिए किया पट्टा निरस्त

**अमन लेखनी समाचार**

उन्नाव। खनन माफिया पर डीएम ने बड़ी कार्रवाई की है। उन्नाव के परियर घाट पर अवैध खनन का खेल खत्म कर दिया गया है। बालू खनन के लिए 2019 में किए गए 104 बीघे का पट्टा निरस्त कर दिया गया। प्रतिबंधित मशीनों से अवैध खनन कराने पर पट्टाधारक पर एक करोड़ 57 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। फर्म को पूरे प्रदेश में दो साल के लिए ब्लैक लिस्ट में डाल दिया गया है।

6 जून को डीएम अपूर्वा दुबे की ओर से गठित टीम ने प्रतिबंधित मशीनों से अवैध खनन पकड़ा था। इसके बाद मेसर्स श्यामा इंटरप्राइजेज के गोपाल पांडेय पर प्रशासन ने 45.80 लाख का जुर्माना किया था। 15 दिन में जुर्माना अदा न करने पर नोटिस भी जारी किया गया मगर जुर्माना नहीं भरा। इस पर. पट्टा धारक की लगातार अनदेखी पर डीएम ने पट्टा निरस्तीकरण की ने कार्रवाई तय की है।

नगर मजिस्ट्रेट अरुणमणि तिवारी ने बताया कि पट्टाधारक की सेक्योरिटी मनी जब्त करते हुए प्रशासन ने फर्म पर एक करोड़ 57 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। जुर्माना जमा न करने पर फर्म मालिक के खिलाफ आरसी भी जारी की जाएगी। आपको बता दें कि सदर तहसील के परियर क्षेत्र में प्रशासन ने 2019 में पांच साल के लिए 104 बीघे का पट्टा कर बालू खनन की अनुमति दी थी। मगर मानक ताख पर रखकर अवैध खनन किया जाता रहा। कई बार अवैध खनन पकड़ा गया और छिटपुट कार्रवाई के बाद पुनः संचालन शुरू हो गया था पर इस बार डीएम अपूर्वा दुबे ने सख्त कार्रवाई तय कर पट्टा खत्म कर दिया है। 6 जून को परियर घाट पर एनजीटी के मानकों को ताक पर रखकर ड्रेजर मशीन से गंगा की जलधारा के बीच अवैध खनन किया जा रहा था। मामले की शिकायत डीएम तक पहुंची तो उन्होंने एसडीएम सदर अंकित शुक्ला से जांच कराई एसडीएम स्टीमर से बिठूर से परियर घाट पहुंचे थे। यहां पर हिरासत में लिए गए शिवपूजन द्वारा बताए गए नामों के आधार पर प्रतिबंधित मशीनों से परिधि के बाहर खनन करने में गोपाल पांडेय, प्रभात गुप्ता, तिवारी लाल, शिवप्रताप सिंह, खन्ना सिंह, आनंद मुंशी व रामबहादुर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई थी। उन्नाव के सिटी मजिस्ट्रेट ने बताया की गंगा में परियर घाट पर बालू के अवैध खनन होने पर पट्टा निरस्त किया गया है। यहां पर कई बार अवैध खनन की शिकायतें मिली थी और जांच में सही पाई गई थी। जिले में किसी भी तरह का अवैध खनन नहीं होने दिया जाएगा।

# बिजली कटौती से लोग परेशान, कर रहे रतजगा, बाढ़ के संकट में बिजली संकट

**अमन लेखनी समाचार**

बांगरमऊ, उन्नाव। विकासखण्ड क्षेत्र की ग्राम पंचायत फतेहपुर खालसा समेत दर्जनों ग्रामीण इस समय बिजली की धुआंधार कटौती को लेकर हर तरफ हल्ला मचा हुआ है। कारण जेई का संदेश रोशटिंग या फिर शेड्यूल से काफी कम बिजली आपूर्ति हो रही है, जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों को गर्मी से निजात नहीं मिल पा रही है। वहीं पसीने से तर बतर होने के साथ ही लोग जागकर रात गुजारने को विवश हो रहे हैं। वहीं जिम्मेदार सब कुछ जानकर चुप्पी साधे हुए हैं। जेई साहब का तो फोन तक नही उठता, जेई संतोष श्रीवास्तव की कार्यशैली पर सवाल उठना लाजमी है। अपनी जिम्मेदारियों से मुकरना, कर्मचारियों को किसी के घर में घुसने का आदेश देना। जेई की बुद्धिमता योगी सरकार की मंशाओं पर पानी फेर रही है,, यूं मान लीजिए सरकार के मुलाजिम ही सरकार की छवि धूमिल कर रहे हैं। 22 घण्टे बिजली देने का दावा करने वाली योगी सरकार मुश्किल से 6 घण्टे बिजली दे पा रही है। एक तरफ बाढ़ का कहर तो दुसरी तरफ जेई साहब की मनमानी का रसूख ग्रामीणों में आक्रोश पैदा कर रहा है। बिजली बिल जमा कराने पर लूटना लाजमी है, कनेक्शन होने के बाद घर में घुसकर धमकाना लाजमी है, अब आप समझ सकते हैं कि जेई संतोष श्रीवास्तव ने तो पूर्व में हुए जेई नीरज जी की कॉपी कर ली है। अगर बिजली विभाग का ऐसा ही रवैया रहा तो वो दिन दूर नही जब हर घर से बिजली विभाग को लेकर गुस्सा फूटेगा।

# ग्राम प्रधान पर लगे भ्रष्टाचार के आरोप की हुई जांच

**अमन लेखनी समाचार**

उन्नाव। विकासखंड सिकंदरपुर सरोसी क्षेत्र शंकरपुर सराय के ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान सर्वेश कुमार पर नलकूप रिबोर एवम नाली निर्माण में भ्रष्टाचार का आरोप लगाया था वहीं ब्लाक स्तर से एडीओ पंचायत विनोद वर्मा के द्वारा जांच हुई और प्रधान को क्लीन चिट दे दी गई क्लीन चिट क्यों न दी जाए आखिर जांच अधिकारी एडीओ पंचायत विनोद वर्मा थे जब ग्रामीणों व शिकायत कताओं को न्याय नहीं मिला तो शिकायतकर्ता भूप शंकर एवं अन्य ग्रामीणों ने 9 जून 2023 को हलफनामा सहित जिलाधिकारी उन्नाव अपूर्व दुबे से न्याय की गुहार लगाई थी जिस पर एक कमेटी बनाकर जांच का आदेश 17 जून को दिया गया था समय बीतता गया शिकायतकर्ता इंतजार करते रहे लेकिन कोई भी अधिकारी जांच करने नहीं आया जिससे मायूस शिकायत कर्ता भूप शंकर ने 21 अगस्त को उच्च न्यायालय से न्याय की गुहार लगाई जिस पर आनन फानन में 25अगस्त को शिकायतकर्ता को पत्र जारी कर एक सितम्बर को जांच का आश्वासन दिया गया वहीं पत्र में 12.30 मिनट पर जांच अधिकारियों को पहुंचना था सभी शिकायतकताओं को नोटिस के जरिए अवगत भी कराया गया था। लेकिन जब जांच अधिकारी समय से नही आए तो शिकायतकताओं ने अधिकारियों से संपर्क किया तो जांच अधिकारी के के मिश्र ने किसी दूसरे कार्य में फस जाने को बताकर समय नही बताया समय बीतता गया शिकायतकर्ताओ ने इंतजार किया तभी लगभग 4.30 बजे जांच टीम में जिला कृषि अधिकारी कुलदीप मिश्रा एवम सहयोगी जूनियर इंजीनियर आर ई डी विकास खण्ड बिछिया जांच करने आए। ग्राम प्रधान ने अपने सहयोगियों को बुलाकर इकठ्ठा किया था की सभी सहयोगी मेरी तरफ बोलेंगे और मुझे दोबारा क्लीन चिट मिल जायेगी। लेकिन शिकायतकताओं ने भी सभी सबूतों के साथ तैयार बैठे दें जांचकताओं के साथ ग्रामीणों ने भी न्याय के साथ शिकायतकताओं का साथ दिया वहीं शिकायतकताओं व प्रधान के सहयोगियों से थोड़ी बहुत नोक झोंक भी हुई। जब प्रधान ने पूर्व प्रधान के द्वारा कराए गए कार्य को अपना कार्य बताया तो पूर्व प्रधानों ने भी मौके पर पहुंच कर सत्यता बताई तभी प्रधान सर्वेश ने जांच अधिकारियों को भटकाने का काम किया की ये मेरे सामने चुनाव हारे ये हमसे जलते हैं तभी जांच अधिकारी ने प्रधान से जांच के विषय में बताने को कहा लेकिन जांच अधिकारियों ने उन्ही बिदुओ पर जांच किया जिसकी शिकायतकताओं ने शिकायत किया था। जांच में कई सवालों के जवाब ग्राम प्रधान नही दे पाए। वहीं समय जादा हो जाने से जांच पूरी नही हो पाई मीडिया ने जांच अधिकारी से जांच के संबंध में बार की तो जांच अधिकारी ने अधूरी जांच होने का हवाला दिया बोले अभी जांच पूरी नही हुई सोमवार को फिर जांच करने आयेंगे।

# महिला को दिया फर्जी चेक, पीड़िता ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में दिया शिकायती पत्र

**अमन लेखनी समाचार**

सुमेरपुर, उन्नाव। तहसील बीघापुर के अन्तर्गत ग्राम धुँवाधार निवासी रामदेई लोध पत्नी कालीचरन के साथ चौदह लाख तेतीस हजार रुपये की फर्जी चेक देकर धोखाधड़ी की गई जिसकी शिकायत रमदेई लोध ने शनिवार को तहसील के सम्पूर्ण समाधान दिवस में की। रामदेई पत्नी कालीचरन ने शिकायत पत्र में कहा कि मेरे नाम दर्ज गाटा नम्बर 519/2 रकबा 0.904हे० स्थित ग्राम ससान परगना मगरायर तहसील बीघापुर जिला उन्नाव की भूमि का बैनामा तहसील बीघापुर मुख्यालय पाटन में शीतल प्रसाद निवासी पनई के कहने पर उसने दिनाँक - 26/04/2023 को मोहित विश्वकर्मा पुत्र उमाशंकर निवासी 7/297/9 विकास नगर नजदीक पावर हाउस सेक्टर लखनऊ के नाम सम्पूर्ण रकबे का बैनामा करवा दिया मुझसे कहा कि बैनामे में केवल रु 1085000/- प्रतिफल मूल्य दिखाया जाए नही तो स्टाम्प अधिक लगेगा जबकि भूमि कुल रु 1433000/- में तय थी जिसकी चेक नम्बर 789650 भारतीय स्टेट बैंक खाता संख्या - 33196904734 में रु 1433000 की चेक काट कर दे दिया प्रार्थिनी अनपढ़ महिला है जब प्रार्थिनी ने बैंक में अपने खाते में चेक लगाया तब मेरे खाते में पैसा नही आया बैंक के अधिकारियों ने कहा कि जिसने चेक काटा है उसके खाते में पैसा नही है बैंक के कर्मचारियों ने चेक वापस कर दिया मैं लगातार शीतल प्रसाद के मोबाईल नम्बर पर फोन करती हूँ-तब वो आवाज सुनकर फोन काट देते है कहते है तुम्हे पैसा अब नही मिलेगा प्रार्थिनी गरीब व बृद्ध महिला है प्रार्थिनी का मुकदमा सम्बन्धित थाना में दर्ज कराये जाने की व ब्याज सहित पैसा दिलाये जाने के लिए कानूनी कार्यवाही की जाने की मांग की।

# पहले से घात लगाए बैठे अज्ञात लोगों ने युवक को मारी गोली, हालत गंभीर

**अमन लेखनी समाचार**



बांगरमऊ, उन्नाव। नतीरपुर गांव निवासी एक व्यक्ति की मौत होने पर उसके परिवार को सांत्वना देकर वापस आ रहे अहिराहपुरवा गांव के छह व्यक्तियों पर गांव के बाहर बाग में घात लगाए बैठे कुछ लोगो ने फायरिंग कर दी। जिसमे एक युवक के बाएं पैर में गोली जा धंसी। गंभीर हालत में उसे सीएचसी लाया गया जिसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

अहिरनपुरवा गांव निवासी संदीप गांव के ही हरिपाल, मनीष, विनीत, राम रहीश और धीरेंद्र के साथ पड़ोसी गांव नतीरपुर में भूरा की मौत होने पर स्वजन को सांत्वना देने शनिवार देर शाम उसके घर गए थे। जहां से मृतक के परिवारजनों से मिलकर सभी वापस अपने गांव लौट रहे थे। तभी मार्ग में ही गांव के बाहर स्थित बाग में बैठे कुछ व्यक्तियो ने उन पर फायर झोंक दी। जिसमे गोली संदीप के बाएं पैर में जा धंसी और वह घायल हो वही गिर पड़ा। तभी उनके साथ चल रहे हरिपाल ने अपनी रायफल निकल ली रायफल देख सभी वहां से भाग निकले। घायल संदीप को बांगरमऊ सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना पर सीएचसी पहुंचे सीओ विजय आनंद और कोतवाली प्रभारी ज्ञानेंद्र सिंह ने घटना की जानकारी ली।

कोतवाली प्रभारी ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया की अभी पीड़ित पक्ष ने तहरीर नही दी है तहरीर मिलते ही रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही की जाएगी।

# सांड से टकराई बाइक पत्नी की मौत, पति सहित दामाद गंभीर रूप से घायल

**अमन लेखनी समाचार**

हसनगंज, उन्नाव। लखनऊ आगरा एक्सप्रेसवे की सर्विस लाइन पर आवारा सांड की टक्कर से एक ही बाइक पर सवार दंपति सहित दामाद गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर परिजनों ने घायलों को लखनऊ ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया जहां इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। व अन्य गंभीर घायलों का इलाज चल रहा है। पिछवाड़ा गांव निवासी राकेश 48 वर्ष, पत्नी रामदेवी 43 व दामाद के साथ शुक्रवार को लखनऊ दवाई लेने के लिए गया हुआ था। जहां से देर रात घर वापस आ रहा था। अभी यह क्षेत्र के मटरियां सर्विस लाइन के पास पहुंचा ही था कि सड़क पर घूम रहे आवारा सांड से टक्कर हो गई। जिसमें राकेश व उसकी पत्नी रामदेवी सहित दामाद गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। जिन्हें परिजनों ने लखनऊ ट्रामा सेंटर भर्ती कराया। जहां पर रामदेवी की शनिवार इलाज के दौरान मौत हो गई। जिससे परिजनो का रो-रोकर बुरा हाल है।

मृतक के दो लड़के व दो लड़की है जिनमें बड़ा लड़का सुनील, राम प्रताप बेटी कलावती व मधु सहित सभी विवाहित हैं। कोतवाली प्रभारी राजेश सिंह ने बताया कि आवारा सांड की टक्कर से बाइक सवार महिला की इलाज के दौरान लखनऊ में मौत हुई है। वह दो लोग गंभीर रूप से घायल है। परिजनो ने पीएम नही कराया है। दाह संस्कार कर दिया है।

# बाइक एजेंसी में हुई चोरी का पुलिस ने किया खुलासा

**अमन लेखनी समाचार**



सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बारासगवर पुलिस द्वारा नकबजनी का सफल अनावरण करते हुए दो नफर अभियुक्तगणों को गिरफ्तार कर चोरी गये माल की बरामदगी कर आरोपियों को जेल भेज दिया बीती 20.08.23 को रात्रि करीब 10.30 बजे धानीखेड़ा ऊंचगांव मार्ग पर स्थित ओम टीवीएम मोटर एजेन्सी का अज्ञात चोरो द्वारा सटर तोड़कर एक अदद मोटर साईकिल अपाचे व एक अदद मोटर साइकिल राइडर नई बिना नम्बर तथा 02 अदद हैलमेट व गल्ले में रखे हुये पैसे चोरी किये गये थे। शनिवार दिनांक 02.09.23 को थाना बारासगवर पुलिस द्वारा रात्रि करीब 04.15 बजे मुखबिर खास की सूचना पर तनगापुर नहर के पास बहद ग्राम तनगापुर से अभियुक्त सलमान उर्फ राजू पुत्र खलील निवासी ग्राम व पचोड्डा थाना अचलगंज व सत्यम पुत्र रमेश निवासी पचोड्डा सराय सातीनखेड़ा थाना अचलगंज को गिरफ्तार किया गया तथा मौके से चोरी गई दोनो मोटर साइकिल मय हैलमेट तथा एक अदद अन्य मोटर साईकिल बरामद की गई तथा अभियुक्तगण के पास से एक एक अदद तमन्चा 315 बोर मय कारतूस, एक सब्बल, 700 रुपये नगद के साथ बरामद किया गया। मौके से अभियुक्तगण उपरोक्त का एक साथी प्रदीप भागने में सफल रहा। अभियुक्तगणों को नियमानुसार हिरासत पुलिस में लेकर थाने लाकर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# अधेड़ ने संदिग्ध परिस्थितियों मे लगाई फांसी, परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

**अमन लेखनी समाचार**

सुमेरपुर, उन्नाव। बारासगवर थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक अधेड़ युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों मे पेड़ से लटकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। परिजनो ने गांव के ही लोगो पर हत्या कर शव लटकाए जाने का का आरोप लगाया वही मुआवजा की भी मांग की और कहा की जब तक आरोपी पकड़े नही जाते तब तक शव को पोस्टमार्टम के लिए नही जायेगा एस डी एम के आश्वासन के बाद परिजनो ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने को तैयार हुए

थाना बारासगवर क्षेत्र के बैजनाथ खेडा मजरे बरदहा निवासी अरुण उर्फ लोटन 45 वर्ष पुत्र श्रीराम का शव पास के ही गांव उमाखेड़ा में सड़क के किनारे नीम के पेड़ पर फांसी से झूलते सुबह ग्रामीणों ने देखा तो गांव में कोहराम मच गया परिवारजनों को सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे देखते ही देखते आस पास के गाँव से भी भारी भीड़ जुट गई। परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए करीब 3 घंटे तक बारा इंदामऊ मार्ग को जाम रखा। मौके पर पहुंचे एसडीएम क्षितिज द्विवेदी व क्षेत्राधिकारी मायाराय ने परिजनों को समझा बुझाकर जाम खुलवाया। परिजनों का आरोप है कि बीते शुक्रवार को हुए विवाद के बाद पुलिस को सूचना दी गई थी लेकिन पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई जिसके चलते हत्या कर दी गई

मृतक की पत्नी गीता ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि ग्राम प्रधान श्री पाल गाँव के ही रामबली पुत्र जंगली, रामचंद्र पुत्र रघुनाथ, बीरेंद्र व सुरेंद्र के द्वारा जबरन हमारी जमीन पर कब्जा करवाया जा रहा है जिसका प्रार्थना पत्र भी दिया गया था। लेकिन कोई कार्यवाही नही हुई। शुक्रवार रात 10 बजे हमारा पति खेत पर गया था और शनिवार सुबह उसका शव पेड़ से लटकता हुआ मिला।

परिजनों द्वारा शव पुलिस को न सौपने पर पुलिस को काफी पसीना बहाना पड़ा। मौके पर बारासगवर प्रभारी बृजमोहन सैनी व बीघापुर प्रभारी अखिलेश तिवारी को स्टाफ सहित भीड़ हटाने में काफी मसक्कत करनी पड़ी। शव को ले जाते समय शव वाहन लोडर को घेर लिए जाने पर पुलिस को हल्का लाठीचार्ज भी करना पड़ा।

परिजनों द्वारा शव का पोस्टमार्टम हेतु मना करने व जाम न हटाने में अड़ी भीड़ को मनाने के लिए उपजिलाधिकारी को क्षितिज द्विवेदी को दोषियों पर उचित कार्यवाही व सरकारी सहायता का लिखित आस्वाशन देने का बाद परिजनों ने शव को पोस्टमार्टम के लिये ले जाने दिया।

# लोन नदी में मिला बक्शे में बंद अज्ञात महिला का शव

**अमन लेखनी समाचार**



बीघापुर, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र में गढ़ाकोला मार्ग पर जाजनपुर गाँव के निकट लोन नदी पुल के नीचे करीब 45 वर्षीय वर्षीय अज्ञात महिला का शव लोहे के बड़े बक्से में बंद पाया गया। शनिवार सुबह पानी में बक्सा देख ग्रामीणों ने पुलिस को जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस में नदी से बाक्स को बाहर निकलवाया। बॉक्स खोले जाने पर महिला का फूला हुआ शव निकला। शव से बदबू आने पर कई दिनों पुराना होने का अंदेशा है। ग्रामीण हत्या कर शव को नदी फेंकने की आशंका व्यक्त कर रहे हैं। गढ़ाकोला मार्ग पर जाजनपुर गांव के पास लोन नदी में बक्से को शनिवार की सुबह आसपास के लोगों ने देख पुलिस को सूचना दी। मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। एसओ अखिलेश तिवारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों की मदद से रस्सी में बांधकर बक्से को बाहर निकलवाया। जैसे ही बक्से को खोला गया, उसमें महिला का शव व बदबू निकलता देख ग्रामीण शन्न रह गए। शव को बाहर निकलवाया गया। आशंका है कि हत्या करने के बाद पहले शव को चादर फिर पालिथीन में लपेटा गया था। महिला सलवार सूट पहले है। हाथ में कलावा बंधा होने से वह हिंदू प्रतीत हो रही है। पुलिस ने आसपास गांव के लोगों को बुलवाकर पहचान कराने की कोशिश की किंतु पहचान नहीं हो सकी। एसओ अखिलेश तिवारी ने बताया कि अज्ञात महिला के शव को जिला अस्पताल की मर्चरी में रखवा दिया गया है। सोशल मीडिया व अन्य माध्यमों के तहत प्रचार प्रसार कराके शिनाख्त कराए जाने के प्रयास किया जा रहे हैं।

# विद्युत विभाग की मनमानी उपभोक्ता के लिए बनी परेशानी

**अमन लेखनी समाचार**

फतेहपुर, चौरासी उन्नाव। क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक का विद्युत कनेक्शन 6 वर्षो से कटा होने पर भी विद्युत बिल आ रहा है जिसकी पी डी रसीद उपभोक्ता के पास है तीन बार से सम्पूर्ण समाधान दिवस मे उसने शिकायत पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुईथाना क्षेत्र के अंतर्गत इकरार पुत्र अबरार निवासी ग्राम पंचायत सैता सन दो हजार सत्रह मे बांगरमऊ विद्युत विभाग के बडे बाबू जशवंत ने तेरह हजार रुपए लेकर अठ्ठावन हजार पांच सौ पच्चानवे रुपए की पी डी रसीद थी उसके बाद कनेक्शन काट कर मीटर साथ ले गये थे तब से उपभोक्ता सोलर पैनल लगा कर काम चला रहा है पिछले 6 वर्षों से कटा चला रहा है विद्युत कनेक्शन फिर भी विभाग के द्वारा 4-12-2021को प्रार्थी को 52553की नोटिस भेज दी गई तब पीड़ित ने सम्पूर्ण समाधान दिवस तहसील सफीपुर मे प्रार्थना पत्र देकर अवगत करवाया लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई जिसके पश्चात प्रार्थी लगातार चक्कर लगा रहा है उपभोक्ता का आरोप है की विभाग के कर्मचारियों ने फोन पर झूठा आश्वासन दे रहे की आपकी समस्या का समाधान कर दिया है लेकिन उसने जानकारी की तो पता चला कि विद्युत विल बढ रहा है विद्युत स्टेशन से किसी कर्मचारी ने फोन पर पीड़ित को धमकी दी की अब प्रार्थना पत्र दिया तो पुलिस से पकडवा देगे जिससे प्रार्थी डरा सहमा होते हुए आज फिर अपनी समस्या को लेकर न्याय की गुहार लगाता घूम रहा है।

# मोबाइल चार्जर लगा रहा अधेड़ आया विद्युत करंट की चपेट मे हुई मौत

सफीपुर, उन्नाव। विद्युत बोर्ड में मोबाइल चार्जर लगा रहा अधेड़ किसान खुले तारों के कारण आया करेंट की चपेट में पिता को बचाने दौड़ा बड़ा पुत्र भी करेंट की चपेट में बुरी तरह झुलस गया। परिजन दोनो को सी एच सी लेकर पहुंचे जहां मौजूद डॉ ने पिता को मृत घोषित कर दिया तथा घायल पुत्र का इलाज कर घर भेज दिया कोतवाली क्षेत्र के अतहा गांव निवासी रामसहाय 55 वर्ष पुत्र चंद्रपाल सुबह लगभग 10.30 बजे घर में लगे विद्युत बोर्ड में मोबाइल चार्जर लगा रहे थे तभी खुले विद्युत तारों में उतरे करेंट की चपेट में आ गए पिता को बचाने दौड़ा पुत्र सुभाष 24 वर्ष भी झुलस गया। परिजन दोनो घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सफीपुर लेकर पहुंचे जहां पर मौजूद डॉ ने पिता को मृत घोषित कर दिया तथा घायल पुत्र का उपचार कर घर भेज दिया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा। मृतक के दो पुत्र एवं दो पुत्रियां है जिनमे बड़ी पुत्री रामलक्ष्मी तथा घायल पुत्र विवाहित तथा आशीष 22 वर्ष व छोटी पुत्री 19 वर्षीय सुमन है परिजनो का रोकर बुरा हाल है।

चिंतन

## ड्रग्स तस्करी के खिलाफ सख्त अभियान जरूरी

अवैध ड्रग्स तस्करी के खिलाफ नारकोटिक्स (स्वापक) कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) की कार्रवाई बड़ी उपलब्धि है। एनसीबी ने मंगलवार को देश में लगभग 15,000 एलएसडी ब्लॉट्स की ''अब तक की सबसे बड़ी'' खेप जब्त की है और 'डार्क नेट' के जरिए संचालित मादक पदार्थों की तस्करी के एक गिरोह का भंडाफोड़ करने के साथ छह लोगों को गिरफ्तार भी किया है। जब्त की गई खेप की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में 10 करोड़ रुपये से अधिक है। देश में गोपनीय इंटरनेट (डार्क नेट) आधारित ऐप और डब्ल्यूआईसीकेआर जैसी मैसेंजर सेवा के जरिए अवैध ड्रग्स का कारोबार हो रहा है। एलएसडी या लिसर्जिक एसिड डाइथिलेमाइड वास्तव में सिंथेटिक रसायन आधारित एक मादक पदार्थ है, इसे स्टाम्प पेपर के आधे आकार के ब्लॉट्स पर पेंट कर इसकी तस्करी की जाती है और इसे चाट या निगल कर खाया जाता है। जब्त एलएसडी पोलैंड और नीदरलैंड से तस्करी कर लाई गई थी। इससे पहले कर्नाटक पुलिस ने 2021 में एलएसडी के सबसे अधिक 5,000 ब्लॉट्स जब्त किए थे और कोलकाता पुलिस ने 2022 में इतनी ही मात्रा में ब्लॉट्स जब्त किए थे। ताजा जब्ती सबसे बड़ी है। एलएसडी से स्वास्थ्य को गंभीर खतरा है, खास कर न्यूरो व हार्ट संबंधी। एनएसबी के मुताबिक 0.1 ग्राम एलएसडी (लगभग छह ब्लॉट) की बरामदगी से व्यक्ति के खिलाफ मादक पदार्थ पर रोकथाम संबंधी एनडीपीएस कानून के तहत सख्त कार्रवाई हो सकती है। आर्यन केस के सामने आने के बाद देश में ड्रग्स की भयावहता सामने आई थी कि किस तरह धनाढ्य परिवार के युवा ड्रग्स के नशे की गिरफ्त में धंसते जा रहे हैं। भारत में ड्रग्स की अवैध तस्करी बढ़ने के पीछे कारण उसका गोल्डन ट्राइएंगल और गोल्डन क्रिसेंट के बीच में होना है। गोल्डन ट्राइएंगल (त्रिकोण) वह क्षेत्र है जिसमें थाईलैंड, लाओस और म्यांमार की सीमाएं रुक और मेकांग नदियों के संगम पर मिलती हैं। यहां पर दुनिया में हेरोइन के 75 प्रतिशत का उत्पादन किया जाता है। गोल्डन क्रिसेंट (अर्धचंद्र) क्षेत्र में पाकिस्तान, अफगानिस्तान और ईरान शामिल हैं। इस क्षेत्र में भारी मात्रा में अफीम का उत्पादन होता है। अफगानिस्तान, पाकिस्तान, म्यांमार और नेपाल से हेरोइन, कोकीन और मॉर्फीन भारत के रास्ते दुनिया भर में सप्लाई की जाती है। दुनिया भर में नशे की वजह से तकरीबन दो लाख मौतें हर साल होती हैं। देश के 2.1 प्रतिशत लोग गैरकानूनी नशीले पदार्थों का सेवन करते हैं। भारत में सिंथेटिक ड्रग्स के अलावा, गांजा, चरस, अफीम आदि की तस्करी भी बड़े पैमाने पर होती है। ब्लड प्रेशर को कम करने वाली दवा एफेड्रिन, कई तरह के कफ सीरप का इस्तेमाल नशे के लिए भी किया जाता है। डार्क नेट व क्रिप्टो करेंसी ने ड्रग्स तस्करों के काम को आसान बनाया है, इससे आपूर्तिकर्ता व उपभोक्ता के बीच लिंक जोड़ पाना मुश्किल होता है। एक अनुमान के मुताबिक, भारत में नशे का सालाना अवैध कारोबार लगभग 10 लाख करोड़ रुपये का है। राष्ट्रीय अपराध ब्यूरो (एनसीबी) के नशे संबंधी आंकड़ों के अनुसार भारत में हर दिन ड्रग्स या शराब के चलते 10 मौतें या आत्महत्याएं होती हैं। सभी प्रकार के नशे के खिलाफ व्यापक अभियान व सख्त कार्रवाई की जरूरत है। एनसीबी लगातार अपना काम कर रहा है, लेकिन इसको और प्रभावी बनाने की जरूरत है। पर्याप्त प्रशिक्षित मैन पावर से लेकर संसाधन तक एनसीबी को मुहैया कराने की भी जरूरत है। देश में ड्रग्स कारोबार की कमर तोड़ना जरूरी है। डार्क नेट से ड्रग्स सिंडिकेट को क्रेक करने का एनसीबी का काम सराहनीय है।

# प्रतियोगी परीक्षाओं के मद्देनजर हो बदलाव



सीबीएसई

डॉ. संजय शुक्ला

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड 'सीबीएसई' द्वारा कोविड-19 महामारी के दृष्टिगत मिडिल और हाईस्कूल के छात्रों पर पढ़ाई के बोझ को कम करने के नाम पर राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान परिषद यानि एनसीईआरटी के पुस्तकों में किए जा रहे बदलाव इन दिनों बहस का मुद्दा बने हुए हैं। गौरतलब है कि बीते दिनों परिषद ने दसवीं के किताबों से जहां लोकतंत्र और चुनौतियों तथा राजनीतिक दलों से जुड़े अध्याय को बाहर कर दिया है वहीं विज्ञान के किताब से केमिस्ट्री से जुड़े पीरियॉडिक टेबल (आवर्त सारणी) और पर्यावरणीय स्थिरता और ऊर्जा से संबंधित अध्याय को भी हटाने का फैसला लिया है। इससे पहले एनसीईआरटी ने 9वीं और 10वीं के पाठ्य पुस्तकों से चार्ल्स डार्विन के विकास के सिद्धांत को हटाने का फैसला लिया था जिसका काफी विरोध हुआ था। पाठ्य पुस्तकों पर हो रहे इस बदलाव के आलोचकों की मानें तो वर्तमान परिदृश्य में राजनीति विज्ञान, लोकतंत्र, सामाजिक विज्ञान, मानव विकास, पर्यावरणऔर ऊर्जा संरक्षण जैसे अध्यायों को हटाना अप्रासंगिक हैं क्योंकि आज के छात्रों को इसे समझने और जानने की सबसे ज्यादा जरूरत है। बहरहाल कक्षा दसवीं की पुस्तक से पीरियॉडिक टेबल हटाने के फैसले की आलोचना के बाद एनसीईआरटी ने यह स्पष्ट किया है कि यह सिलेबस अब कक्षा 11 वीं में शामिल किया गया है मतलब यह कि दसवीं के बाद अन्य विषय चुनने वाले विद्यार्थी यह नहीं पढ़ पाएंगे। अलबत्ता एनसीईआरटी के 12 सदस्यीय पाठ्यक्रम समिति द्वारा पाठ्यक्रमों को युक्तिसंगत बनाने के नाम पर स्कूली पाठ्य पुस्तकों में भारतीय इतिहास के महत्वपूर्ण किरदारों व संदर्भों पर किए जा रहे काट-छांट से विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में शामिल होने वाले छात्र और उनके अभिभावक उहापोह की स्थिति में हैं। शिक्षकों और अभिभावकों की उलझन यह कि स्कूली पाठ्यक्रम से जो विषय या अध्याय हटाए जा रहे हैं उनकी तैयारी प्रतियोगी परीक्षाओं के परीक्षार्थी कैसे और कब कर पाएंगे? आखिरकार हर छात्र या परीक्षार्थी महंगे कोचिंग के लिए सक्षम नहीं है लिहाजा पाठ्यक्रम समिति को इन तथ्यों पर भी विचार करना चाहिए।

गौरतलब है कि एनसीईआरटी ने बीते अप्रैल में ही जब मुगलकालीन इतिहास सहित महात्मा गांधी के हत्यारे नाथूराम गोडसे, आपातकाल, नक्सलवादी आंदोलन, वर्ण व्यवस्था, दलित आंदोलन और संघर्ष, नेहरू कालीन राजकाज और गुजरात दंगे से संबंधित अध्याय व संदर्भ में बदलाव और महाकवि निराला, विष्णु खरे और फिराक गोरखपुरी के गज़ल और कविता को हटाने करने का जब फैसला लिया था तब इसकी व्यापक प्रतिक्रिया हुई थी जिसकी तपिश अभी भी बाकी है। दरअसल भारत में इतिहास शुरूआत से ही सियासत का अहम मुद्दा रहा है जिसके लपेट में स्कूलों और कॉलेजों के सिलेबस भी आते रहे हैं। दक्षिणपंथी विचारधारा के राष्ट्रीय पटल पर विस्तार के बाद अब भाजपा और आरएसएस पर केंद्रीय शिक्षा मंडल के सिलेबस का राजनीतिकरण करने का आरोप लग रहे हैं। ऐसे आरोप पूर्व में अनेक भाजपा शासित राज्य सरकारों पर राज्य शिक्षा मंडलों के पाठ्यक्रमों के भगवाकरण के आरोप लगते रहे हैं।भाजपा कांग्रेस सहित विपक्ष पर तुष्टिकरण की राजनीति करने का आरोप लगा रहे हैं। दूसरी ओर भाजपा शासित राज्य सरकारों ने जहां इस संशोधित एनसीईआरटी के पुस्तकों को लागू करने की घोषणा की है वहीं गैर भाजपा शासित राज्यों ने बदलाव का कड़ा विरोध किया




दरअसल भाजपा और संघ का लंबे समय से मानना रहा है कि आजादी के बाद कांग्रेस ने 'धर्म निरपेक्ष' शिक्षा के नाम पर हिन्दू विरोधी पूर्वाग्रह रखा था। इनकी दलील है कि भारतीय शिक्षा थॉमस मैकाले की साम्राज्यवादी विचारधारा से प्रेरित है तथा विद्यार्थियों को पढ़ाया जाने वाला इतिहास वामपंथी इतिहासकारों ने पक्षपाती ढंग से लिखा है लिहाजा इसका पुनर्लेखन होना चाहिए। इनका यह भी आरोप है कि इन इतिहासकारों ने आजादी के पूर्व के इतिहास में पक्षपाती ढंग से मुगल बादशाहों और साम्राज्य के बारे में अतिशयोक्ति पूर्ण जानकारियां लिखी है जबकि गैर मुगल साम्राज्य के महाराजाओं और राजाओं सहित अन्य व्यक्तित्वों के शौर्य, पराक्रम, न्याय, नीति, उदारता और राजकाज को पूर्वाग्रह पूर्वक उपेक्षित किया है जिसमें अब सुधार की दरकार है।स्कूली किताबों पर जारी बवाल पर गौर करें तो इसमें शिक्षाविदों के राय से ज्यादा राजनीतिक नजरिए पर बहस जारी है।

बहरहाल इतिहास की पाठ्य-पुस्तकों का पुनर्लेखन या बदलाव कोई नयी बात नहीं है बल्कि अतीत की सरकारों ने भी अपने नीति और नीयत के अनुसार इतिहास लिखने का प्रयास किया है। साल 1960 के दौर में भारतीय इतिहास को धर्मनिरपेक्ष, निष्पक्ष और उपनिवेश विरोधी स्वरूप देने के लिए पं. जवाहरलाल नेहरू के कैबिनेट के शिक्षा मंत्री एम.सी.छागला ने एक समिति बनाई। इस समिति पर ऐसे लेखकों को आगे बढ़ाने का आरोप लगा जिन्होंने इतिहास की किताबों पर वामपंथी विचारधारा को बढ़ावा दिया। साल 1969 में श्रीमती इंदिरा गांधी, 1977 में मोरारजी देसाई, 2001-2004 में अटल बिहारी वाजपेई, 2004-2014 में मनमोहन सिंह के प्रधानमंत्रित्व काल में प्राचीन भारत के इतिहास, धर्म और धार्मिक व्यक्तित्वों से संबंधित अध्यायों में बदलाव हुए थे। साल 2017 के बाद वर्तमान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल में भी स्कूली पाठ्य-पुस्तकों में बदलाव हुए हैं लेकिन इस दौर में इतिहास के साथ ही विज्ञान,राजनीति विज्ञान, पर्यावरण, अर्थशास्त्र और सामाजिक विज्ञान के सिलेबस में बदलाव हो रहे हैं।

बहरहाल देश में कोविड महामारी के बाद तेजी से सामान्य होते हालात तथा प्रतियोगी परीक्षाओं में गलाकाट प्रतिस्पर्धा के मद्देनजर एनसीईआरटी की छात्रों पर पढ़ाई का बोझ कम करने सिलेबस में काट-छांट करने की दलील समयोचित नहीं है। एनसीईआरटी यदि वाकई छात्रों पर पाठ्यक्रम का बोझ करना चाहता है तो उसे निजी स्कूलों के छोटी कक्षाओं के बच्चों के बस्ते के बोझ को कम करने पर ईमानदारी पूर्वक विचार करना चाहिए जहां पालकों पर बेमतलब महंगी किताबें खरीदने का दबाव रहता है। गौरतलब है कि स्कूली शिक्षा ही उच्च शिक्षा का बुनियाद होता है जो किसी नई पीढ़ी के भविष्य की दशा और दिशा तय करती है। इन परिस्थितियों में शिक्षा से जुड़े मसलों पर सियासत या पूर्वाग्रह युवाओं के भविष्य के लिए उचित नहीं है वैसे भी राष्ट्रीय नायकों को राजनीतिक विचारधारा के नजरिए से नहीं देखा जाना चाहिए।

विचारणीय है कि अखिल भारतीय स्तर के प्रशासनिक और प्रोफेशनल प्रवेश परीक्षाओं से लेकर राज्य स्तरीय प्रतियोगी परीक्षाएं सीबीएसई और एनसीईआरटी के सिलेबस तथा पुस्तकों पर आधारित होती है।अखिल भारतीय और राज्य सिविल सेवा के प्रतियोगी परीक्षाओं में परीक्षार्थियों के लिए स्कोरिंग के लिहाज से भारतीय इतिहास पसंदीदा विषय होता है। सिलेबस में हो रहे बदलाव के परिप्रेक्ष्य में नीति निर्धारकों को इन प्रतियोगी परीक्षाओं के मद्देनजर सिलेबस तैयार करने की जरूरत है ताकि विद्यार्थी इन परीक्षाओं के लिए भी सक्षम हो सकें आखिरकार शिक्षा का उद्देश्य अच्छी नौकरी हासिल करना भी है।

सिलेबस पर जारी सियासत के बीच यह भी सच है कि भारत के इतिहास में मुगल किरदारों को खारिज नहीं किया जा सकता क्योंकि उनका योगदान देश के सांस्कृतिक, साहित्यिक, कलात्मक और स्थापत्य विरासत में रहा है। इतिहास के विभिन्न कालखंडों में सभी धर्मों से जुड़े महानायक,नायक, खलनायक, विदूषक और मेधावी लोग हुए हैं लिहाजा छात्रों को हर व्यक्तित्व से परिचित होना आवश्यक है। वर्तमान परिदृश्य में जब देश में सांप्रदायिक और जातिगत नफरत बढ़ रहा है तब इतिहास को कुरेदकर असहिष्णुता बढ़ाने जैसे संकीर्ण सोच को किताबों से दूर रखना ही श्रेयस्कर होगा।आखिरकार इतिहास सबक लेकर वर्तमान और भविष्य गढ़ने का जरिया है लिहाजा इस पर किसी भी तरह का राजनीतिक और धार्मिक पूर्वाग्रह या पक्षपात उचित नहीं है। पाठ्य-पुस्तकों के लेखन को राजनीतिक हस्तक्षेप से मुक्त ही रखना चाहिए ताकि शिक्षा राष्ट्र निर्माण के उद्देश्य को हासिल कर सके।

## शार्टकट से मिली सफलता ज्यादा देर नहीं टिकती



संकलित

दर्शन

भगवान कृष्ण जिन्हें अधिकतर लोग माया-मोह से रहित मानते हैं। भयंकर युद्धों के बाद भी कभी अशांत नहीं हुए। उन्होंने कभी अपने हिस्से का संघर्ष किसी दूसरों से नहीं करवाया। कभी किसी को सफलता के लिए अनुचित मार्ग नहीं दिखलाया। महाभारत के भीषण युद्ध को अकेले कृष्ण पांडवों के लिए एक दिन में जीतने में सक्षम होने पर भी युद्ध पांडवों से ही करवाया, उन्होंने सिर्फ मार्गदर्शन ही किया। वे चाहते तो पांडवों की ओर से कोई सैनिक नहीं मारा जाता और युद्ध जीता जा सकता था। इसका कारण यह था कि अगर कृष्ण युद्ध जीत कर युधिष्ठिर को राजा बना देते तो पांडव कभी उस सफलता का मूल्य नहीं समझ पाते। सफलता स्थायी और संतुष्टिप्रद तभी होती जब वे खुद संघर्ष करके इसे हासिल करते। कभी-कभी बहुत कामयाबी मिलने के बाद भी हमारा मन संतुष्ट नहीं होता। सफलता हमें खुशी नहीं देती। ऐसा क्यों होता है कि हम जितने सफल होते हैं, उतना ही मन अशांत हो जाता है। इन सब के पीछे कुछ कारण हैं जो हमारी सफलता के भाव को प्रभावित करते हैं। सफलता के साथ शांति और संतुष्टि ये दो भाव होना जरूरी है। अगर हम अशांत और असंतुष्ट हैं तो इसका सीधा अर्थ यह है कि हमने सफलता के लिए कोई शार्टकट अपनाया है। शार्टकट से मिली सफलता अस्थायी होती है। और यही भाव हमारे मन को अशांत करता है। स्थायी सफलता का रास्ता कभी छोटा नहीं होता, आसान नहीं होता लेकिन इस रास्ते से चलकर जब लक्ष्य तक पहुंचा जाता है तो वह स्थायी आनंद देता है।

## महावीर जी ने राजा को दिया शांति का उपहार



संकलित

प्रेरणा

महावीर स्वामी के पास प्रतिदिन हजारों लोग उनके दर्शन करने आया करते थे। इन्हीं श्रद्धालुओं में एक राजा भी था, जो प्रतिदिन महावीर जी के दर्शन करने आता था। लेकिन राजा को अपने राजसी वैभव का बहुत अहंकार था। वह जब भी वहां आता तो अपने घमंड का प्रदर्शन करता। वह अपने साथ धन, रत्न-जवाहरात आदि लेकर आता था। राजा के इस वैभव प्रदर्शन को देखकर महावीर स्वामी उससे यह कहते कि राजन इन्हें गिरा दो। महावीर जी के वचन सुनकर राजा उन रत्नों को वहीं गिरा देता। अगले दिन फिर वही होता। यह क्रम कई दिनों तक चलता रहा। राजा प्रतिदिन महावीर जी के लिए रत्न-जवाहरात लेकर आता और स्वामी जी उससे हर बार की तरह उन्हें गिरा देने की बात कहते। ऐसा कई दिनों तक चलता रहा तो एक दिन राजा को बहुत क्रोध आया कि वह तो प्रेम और श्रद्धा से महावीर जी के लिए रत्न और कीमती वस्तुएं लेकर आता है। और, महावीर जी उसे स्वीकारने के बजाय हर बार गिरा देने की बात कहते हैं। एक दिन राजा ने अपने मंत्री से इस घटना का जिक्र किया, तो मंत्री ने उन्हें महावीर जी के पास सिर्फ फूल भेंट देने का परामर्श दिया। लेकिन महावीर जी ने हर बार की तरह राजा से फूल को भी गिरा देने के लिए कहा। यह देखकर राजा निराश होकर लौट आया। मंत्री ने कुछ सोचते हुए राजा से कहा कि इस बार आप महावीर जी के पास खाली हाथ जाएं। अगले दिन राजा महावीर जी के पास खाली हाथ गया। महावीर जी ने मुस्कुराते हुए कहा, 'राजन अब स्वयं को गिरा दो।'

सारा संसार



उरेरासू, जापान स्थित यह एक थीम पार्क और वेकेशन रिजॉर्ट है, यह यू.एस के बाहर खुलने वाला पहले पार्क है।

दिवस विशेष

रवि शंकर



## खाद्य सुरक्षा वैश्विक चुनौती

दुनियाभर में हर साल को 'विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस' मनाया जाता है। इस बार विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस की थीम ₹खाद्य मानक जीवन बचाओ₹ है। इस दिन को मनाने का उद्देश्य लोगों में खाद्य सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाना है और खराब या अनहेल्दी भोजन के सेवन से होने वाले नुकसान की जानकारी उपलब्ध करानी है। यही नहीं, यह सुनिश्चित किया जाना भी है कि हर व्यक्ति को पर्याप्त मात्रा में सुरक्षित और पौष्टिक भोजन मिले। इसी ओर लोगों का ध्यान आकर्षित करने के लिए दिसंबर 2018 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने खाद्य और कृषि संगठन के सहयोग से इस दिन को मनाने की घोषणा की थी। रोटी, कपड़ा और मकान मनुष्य की मूलभूत आवश्यकताएं मानी जाती है, इसमें रोटी सबसे महत्वपूर्ण है, क्योंकि रोटी के बिना तो मनुष्य जिन्दा भी नहीं रह सकता है। दूसरी तरफ विश्वभर के आंकड़े को देखा जाए तो तमाम देशों में दूषित खाना खाने की वजह बहुत ज्यादा लोग बीमारियों के शिकार हैं। डायरिया, फूड प्वाइजनिंग सहित अन्य बीमारियों का खतरा दूषित खाने से बढ़ता जाता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन का कहना है कि वैश्विक स्तर पर हर दस में से एक व्यक्ति खाद्य संदूषण से प्रभावित होता है और यह समस्या सालाना लगभग 4,20,000 लोगों की मौत का कारण बनती है, जो सेहत के लिए एक बड़ा खतरा है। असुरक्षित भोजन से निम्न और मध्य आय वाले देशों को हर साल लगभग 95 अरब डॉलर का नुक़सान होता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन का कहना है कि खराब स्वास्थ्य का एक बड़ा कारण असुरक्षित खाद्य पदार्थ है जो विकास और वृद्धि को बाधित करता है, शरीर में जरूरी सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी उत्पन्न करता है, गैर संचारी और संक्रामक बीमारियों की वजह बनता है तथा मानसिक रोग भी पैदा करता है। भारत सहित दुनिया के भर के अधिकांश देशों में भूखे पेट सोने वालों की संख्या में कमी आई है। फिर भी आज भी विश्व में कई ऐसे देश है, जहां लोग ऐसे हैं भुखमरी से जूझ रहे हैं। सबसे अहम सवाल यह है कि एक ओर हमारे और आपके घर में रोज सुबह रात का बचा हुआ खाना बासी समझकर फेंक दिया जाता है तो वहीं दूसरी ओर कुछ लोग ऐसे भी हैं जिन्हें एक वक्त का खाना तक नसीब नहीं होता और वह भूख की वजह से दम तोड़ देते हैं। विश्व खाद्य संगठन के अनुसार देश में हर साल पचास हजार करोड़ रुपये का भोजन बर्बाद चला जाता है। एक ऑकलन के मुताबिक बर्बाद होने वाले भोजन की धनराशि से पांच करोड़ बच्चों की जिदगी संवारी जा सकती है। खाद्य सुरक्षा एक वैश्विक मुद्दा है जो हाल के वर्षों में अधिक जटिल हो गया है। खाद्य सुरक्षा के सामने एक और बड़ी चुनौती कृषि में एंटीबायोटिक दवाओं का बढ़ता उपयोग है।

अंतर्मन




आज की पाती

### मोदी सरकार के नौ साल

मोदी सरकार ने अपने कार्यकाल के नौ साल पूरे कर लिए, लेकिन सवाल यह है कि क्या इन नौ सालों में हर वर्ग के अच्छे दिन आए? मोदी सरकार के इन सालों में लगभग तीन साल तो वैश्विक महामारी से निपटने में ही निकल गए। दुनिया हो, देश हो, कोई ऑफिस हो या फिर किसी का घर, अगर इन सबका नेतृत्व करने वाला समझदार हो तो यह सब दायरे हर मुश्किल का सामना कर सकते हैं और तरक्की की राहों पर आगे बढ़ सकते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जो केंद्र सरकार काम कर रही है, उस पर सभी के अपने-अपने विचार हो सकते हैं। लेकिन सभी करोड़ों देशवासियों की उम्मीदों पर यह खरा उतर रही हो, यह भी नहीं कहा जा सकता, और प्रधानमंत्री करोड़ों लोगों की सभी इच्छाओं के मुताबिक काम करें, यह भी मुश्किल है।

*– सतीश कुमार पाठक, महासमुंद*

करंट अफेयर

## भारत एक जीवंत लोकतंत्र है : व्हाइट हाउस

व्हाइट हाउस ने कहा कि भारत एक जीवंत लोकतंत्र है और वहां जाने वाला कोई भी व्यक्ति इसे खुद महसूस कर सकता है। भारत में लोकतंत्र की स्थिति पर चिंताओं को प्रत्यक्ष तौर पर खारिज करते हुए व्हाइट हाउस ने यह बात कही। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस महीने के अंत में अमेरिका की यात्रा पर आने वाले हैं। राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद में सामरिक संचार समन्वयक जॉन किर्बी ने कहा, 'भारत एक जीवंत लोकतंत्र है। जो कोई भी भारत जाता है इसे महसूस कर सकता है। निश्चित तौर पर मुझे उम्मीद है कि लोकतांत्रिक संस्थानों की ताकत और उनकी स्थिति चर्चा का हिस्सा होगी।



ऑफ बीट

## दुनिया के पहले फूलों का परागण कीड़ों ने किया

पौधे पृथ्वी पर पहले फूलों के खिलने से सैकड़ों लाखों वर्षों पहले से मौजूद थे। लेकिन जब फूलों के पौधे विकसित हुए, 14 करोड़ वर्ष से भी पहले, तो यह एक बड़ी विकासवादी सफलता थी। सवाल यह है कि इन पहले फूलों वाले पौधों को किसने परागित किया, आज हम जितने भी फूलों को देखते हैं, उनके पूर्वज हैं? क्या यह कीड़े थे, जो उन शुरुआती फूलों के बीच पराग ले गए, उन्हें इस प्रक्रिया में निषेचित किया? या शायद अन्य जानवर, या हवा या पानी ने यह काम किया? सवाल का जवाब देना मुश्किल हो गया है। हालाँकि, न्यू फाइटोलॉजिस्ट में प्रकाशित नए शोध में, हम दिखाते हैं कि सबसे अधिक संभावना इसी बात की है



ट्रेंड

### महिला नेतृत्व का विकास



एनडीए सरकार की हर पहल हमारी नारी शक्ति की असीम क्षमता में हमारे विश्वास को दर्शाती है। उनके सपने एक मजबूत, समावेशी और उज्जवल भारत का निर्माण कर रहे हैं। महिला नेतृत्व विकास के 9 वर्षों पर सामग्री के लिए नमो ऐप देखें।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### स्वास्थ्य पेशेवर कौशल बढ़ाएं



डेविड एटचोएरेना ने डब्ल्यूएचओ अकादमी के कार्यकारी निदेशक के रूप में काम शुरू किया है। मैं अकादमी को जीवंत करने और लाखों स्वास्थ्य पेशेवरों को अपना कौशल बढ़ाने, सक्षम बनाने के लिए मिलकर काम करने की आशा करता हूं।

-टेड्रोस, डब्ल्यूएचओ महानिदेशक

### मिट्टी बचाने को प्रेरित करें



कन्नड़ नाडु की मिट्टी को बचाने के लिए नागरिकों और चिक्काबल्लापुरा विधायक को बधाई। मिट्टी किसान समृद्धि का स्रोत बने और राज्य के सभी किसानों को वृक्ष आधारित खेती के आर्थिक और स्वास्थ्य लाभों के लिए प्रेरित करे।

-सदगुरु, आध्यात्मिक गुरु

### देश के बारे में बात कीजिए



एक रिपोर्टर परेशान हो रहीं थीं कि इतनी गर्मी में मोदीजी वहां, इतनी तेज़ धूप और मोदी जी दुर्घटना स्थल पर। अरे क्यों प्रधानमंत्री को छुई मुई बना के रखना चाहते हो? हटाइए इस सुरक्षा कवच को, जो मीडिया ने प्रधानमंत्री को दे रखा है, और देश के बारे में बात कीजिए।

-पवन खेड़ा, कांग्रेस नेता

# संक्षेप

## डॉ. हरिकेश पांडेय जिला महासचिव मनोनीत



अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर।सहजनवा तहसील क्षेत्र स्थित के पटखौली निवासी डा0 हरिकेश पांडेय को राष्ट्रीय मानवाधिकार सेवा ट्रस्ट में जिला महासचिव मनोनीत होने पर क्षेत्र में खुशी की लहर है।लोगो ने उन्हें बधाई भी दी है। बधाई देने वालो में पूर्व विधायक देव नारायण उर्फ जीएम सिंह, ब्लाक प्रमुख शशि प्रताप सिंह,चेयरमैन प्रभाकर दुबे,दिनेश कुमार जायसवाल,अंशु तिवारी,सहित अनेक लोग शामिल थे।

## निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन आज

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवां तहसील अंतर्गत विकासखंड पिपरौली पी जी एस एम डे हेल्थ केयर सेंटर के तत्वाधान में कल रविवार को गीडा सेक्टर 5 में सुबह 11 बजे से एक निशुल्क चिकित्सा कैंप का आयोजन किया गया है। जिसमें मरीजों के परीक्षण के साथ ही निशुल्क दवा भी वितरण किया जाएगा।कैंप में डॉक्टर आकाश यादव अपोलो हॉस्पिटल हैदराबाद प्रमुख रूप से रहेंगे। यह जानकारी आयोजनकर्ता डॉक्टर मनोज कुमार से एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी।

## गुरु गोरक्षनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग में जनरल बॉडी मीटिंग का आयोजन

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के अन्तर्गत संचालित गुरु गोरक्षनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग में जनरल बॉडी मीटिंग का आयोजन किया गया। जिसमे सभी कोर्सेस (बीएससी नर्सिंग, जीएनएम, एएनएम तथा पोस्ट बीएससी नर्सिंग) की छात्राएं उपस्थित रहीं। जनरल बॉडी मीटिंग के दौरान सभी छात्राओं ने एक-एक कर प्राचार्या डॉ. डीएस अजीथा के सामने अपनी समस्याएं रखीं। प्राचार्या ने सभी की समस्याओं का समाधान किया तथा छात्राओं को अटेंडेंस पर ध्यान देने व समय से असाइनमेंट पूरा करने का सुझाव दिया।इस दौरान सभी शिक्षक भी उपस्थित रहे।

# जनता की समस्याओं का निराकरण सरकार की प्राथमिकताः मुख्यमंत्री

**जनता दर्शन में सीएम योगी ने सुनीं 200 लोगों की समस्याएं**

**कहा, जन समस्या निराकरण में लापरवाही या शिथिलता अक्षम्य**

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों कहा है कि जनता की समस्याओं का निराकरण सरकार की प्राथमिकता है। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही या शिथिलता अक्षम्य होगी। अधिकारी जनता की समस्याओं को गंभीरता और संवेदनशीलता से लेते हुए उनका समाधान त्वरित और संतुष्टिपरक तरीके से कराएं। सीएम योगी ने उक्त निर्देश शनिवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन के दौरान दिए। मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने जनता दर्शन में कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक मुख्यमंत्री खुद गए और एक-एक कर उनकी समस्याओं को सुना। मुख्यमंत्री ने इस दौरान करीब 200 लोगों से मुलाकात की। आश्वस्त किया कि किसी को भी चिंता करने की आवश्यकता नहीं है, सबकी समस्या का समाधान हरहाल में किया जाएगा। जनता दर्शन में कई महिलाएं जमीन से जुड़े विवादों में प्रार्थना पत्र लेकर पहुंची थीं। कुछ की समस्या घरेलू जमीन विवाद की थी तो कुछ की शिकायत थी कि दबंग उनकी जमीनों पर कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। इन शिकायतों पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि पारिवारिक सम्पत्ति विवाद का निस्तारण पहले दोनों पक्ष के बीच बातचीत कराकर किया जाए। न होने पर कानूनी तरीके से हल निकाला जाए। जमीन कब्जा की शिकायत पर उन्होंने कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जमीन कब्जाने में पेशेवर प्रवृत्ति वालों को भू माफिया के रूप में चिन्हित कर सख्ती की जाए। किसी भी गरीब की जमीन पर कब्जा करने वालों के खिलाफ ऐसी कार्रवाई करें जो उदाहरण बने। जमीनी विवादों का समाधान तत्परतापूर्वक इस तरह होना चाहिए जिससे पीड़ित व्यक्ति संतुष्ट दिखे। जनता दर्शन में गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर पहुंचे लोगों को उन्होंने आश्वस्त किया कि पैसे की तंगी से किसी का भी इलाज नहीं रुकने दिया जाएगा। उन्होंने प्रशासन को निर्देश दिया कि संबंधित मरीज के इलाज संबंधी इस्टीमेट की प्रक्रिया को पूर्ण कर इसे जल्द से जल्द शासन को उपलब्ध कराया जाए। इस्टीमेट मिलते ही इलाज के लिए धन अवमुक्त हो जाएगा। जनता दर्शन के दौरान कुछ महिलाओं संग पहुंचे उनके बच्चों को मुख्यमंत्री ने प्यार-दुलार और आशीर्वाद देते हुए चॉकलेट दिया। उन्हें खूब पढ़ने के लिए प्रेरित किया।

# रास्ते की भूमि पर अवैध कब्जा आक्रोशित ग्रामीणों का प्रदर्शन




अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर।सहजनवा तहसील क्षेत्र स्थित के ग्राम पंचायत रामपुर गड़थौली में मनबढो द्वारा रास्ते की भूमि पर कटीला तार लगाकर रोक दिया गया है। जिससे आक्रोशित दर्जनों की संख्या में ग्रामीण जन अधिकार पार्टी के पूर्व प्रत्याशी दिलीप कुमार मौर्या व प्रधान ओम प्रकाश के नेतृत्व में ग्रामीणों ने तहसील मुख्यालय पर प्रदर्शन किया। और एसडीएम को ज्ञापन सौंपा ग्रामीणों का कहना था कि गाटा संख्या 441 के मेड है। मनबढो ने बिना धारा 24 कराये जबरन पत्थर और कटीला तार लगाकर कब्जा कर रखा है। मनबढ़ नौकरी पेशे के लोग है। और हमेशा मारपीट और फौजदारी पर आमादा रहते है। रास्ते पर अवैध कब्जा होने से पूर्व मा0 विद्यालय के बच्चो को आने जाने में दिक्कत हो रही है। और गावँ के लोगो का रास्ता रुका हुआ। विरोध करने पर बाहरी अराजकतत्वों को बुलाकर धमकी दिला रहे है। प्रशासन से मांग है कि विवादित भूमि की पैमाइस कराकर रास्ते से अवैध कब्जा हटाया जाय। प्रदर्शन करने वालो में रामकोमल मौर्या,रामदयाल मौर्या,सन्तोष मौर्या,रामवृक्ष,छोटू सिंह,सोनू मौर्या, राजेश,संदीप,अमर सिंह, रामप्रीत,बबलू मौर्या,हरिओम सिंह,अभिषेक मौर्या,सतेंद्र सहित अनेक ग्रामीण शामिल रहे।

# अधिवक्ताओं ने अंबेडकर चौक पर किया जाम , आमजन जीवन हुआ अस्त-व्यस्त

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। अधिवक्ताओं व पुलिस की लड़ाई हापुड़ में शुरू हुआ दूसरे दिन पारिवारिक विवाद में एक अधिवक्ता की गाजियाबाद में हत्या कर दी गई जिसके प्रतिशोध में अधिवक्ता पूरे प्रदेश में न्यायिक कार्यों से विरत रहते हुए पुलिस के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग करते हुए रोड पर आकर धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। आज अधिवक्ता गण अंबेडकर चौक को चारों तरफ से जामकर आमजन जीवन को प्रभावित करने का कार्य किया जहा राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ा। अपनी बातों को कहने का सभी को अधिकार है लेकिन अधिवक्ता संघ अपनी बातों को मनाने के लिए आम जनजीव को परेशान करते हुए रोड पर उतर कर जनजीवन प्रभावित कर मनवाने का कार्य करते हुए न्यायिक कार्यों से विरत रहते हैं आम जनमानस को अपने गंतव्य तक जाने के लिए हल्कान होना पड़ा सिटी मजिस्ट्रेट मंगलेश दुबे क्षेत्राधिकार कैंट योगेंद्र सिंह ने सूझबूझ का परिचय देते हुए अधिवक्ताओं द्वारा जाम किए हुए रोड को जाम से मुक्त कराने का कार्य किया जिससे आवागमन सुचारू रूप से पुनः चालू हो सका।



# कृषि विज्ञान केंद्र बेलीपार में धूमधाम से मनाया गया नारियल दिवस

**हर साल दो सितंबर को मनाया जाता है नारियल दिवस**

**6 से 7 वर्षों में फल देता है नारियल का पौधा**

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। 2 सितंबर को कृषि विज्ञान केंद्र बेलीपार गोरखपुर में धूमधाम से नारियल दिवस मनाया गया । नारियल दिवस के अवसर पर नारियल के महत्व के बारे कृषि विज्ञान केंद्र बेलीपार के अध्यक्ष व वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉक्टर एस के तोमर ने बताया कि नारियल का महत्व हम सभी जानते हैं कि नारियल पूजा से लेकर अन्य कार्यों के लिए भी बहुत ही महत्वपूर्ण होता है ।यह आप सभी के लिए बड़े हर्ष का विषय है कि कृषि विज्ञान केंद्र बेलीपार ने वर्ष 2019-20 में नारियल की नर्सरी तैयार करके किसानों में वितरित किया था । अब वह नारियल के पौधे बढ़कर 6 से 7 फीट के हो गए हैं ।नारियल में 7 साल में फल आना शुरू होता है ।पौधों की बढ़वार को देखकर के किसान बहुत ही खुश हो रहे हैं । ज्यादातर हमारे किसान भाइयों ने हमको फोन करके बताया है कि वे लोग नारियल के पौधों की पूजा भी करते हैं ।हम सभी जानते हैं कि कोई भी पूजा बिना नारियल संपन्न नहीं होती है ।गोरखपुर जनपद में प्रत्येक दिन 30000 से 40000 नारियल की खपत होती है। मंदिर में प्रसाद से लेकर सेहत के स्वाद के लिए इसका उपयोग किया जाता है ।नारियल से शहर से लेकर गांवों तक 400 से अधिक लोगों को छोटे-बड़े पैमाने पर रोजगार मिले हैं ।हरा नारियल पश्चिम बंगाल से, प्रसाद गिरी सूखा नारियल तमिलनाडु व केरल से आता है । सामान्य दिनों में इसकी बिक्री 30 से 40000 है ।गोरखनाथ मंदिर, बुढ़िया माई , तरकुलवा देवी सहित कई प्रसिद्ध मंदिर है जहां पूजन अर्चन के लिए पहुंचने वाले नारियल की खरीदारी करते हैं । कृषि विज्ञान केंद्र बेलीपर गोरखपुर ने 2020 में 5500 नारियल के पौधे तैयार कर उनका वितरण किसानों में किया ।जिसका उद्देश्य था कि क्षेत्र में नारियल उत्पादन की संभावना का पता लगाया जाए तथा नारियल में फलक की क्या संभावना है इसको देखते हुए यह प्रोजेक्ट चलाया गया था ।अभी हमें पुरी उम्मीद है कि आने वाले दिनों में नारियल के पौधों से पर्याप्त फल प्राप्त होंगे नारियल की नर्सरी माननीय मुख्यमंत्री के निर्देश पर तथा तत्कालीन केंद्रीय कृषि मंत्री राधा मोहन सिंह के विशेष आदेश पर नारियल विकास बोर्ड पटना के माध्यम से कृषि विज्ञान केंद्र बेलीपार गोरखपुर द्वारा पूर्वी उत्तर प्रदेश में पहली बार नर्सरी तैयार कराई गई । नर्सरी तैयार करने में 6 से 7 महीने का समय लगा और फिर उसका वितरण कृषि विज्ञान केंद्र से किया गया । कृषि विज्ञान केंद्र पर नारियल विकास बोर्ड पटना के अधिकारी आकर के उसका निरीक्षण किये और उसका सत्यापन करने के बाद जो पौधे स्वस्थ पाए गये, उन पौधों का वितरण किसान भाइयों के बीच किया गया ।जनपद के प्रत्येक किसान को 10 पौधे दिए गए जो भी किसान लेने आए उनको 10 पौधे दिए गए,साथ ही प्रत्येक कृषि विज्ञान केंद्र को 40 पौधों का वितरण किया गया । कृषि विज्ञान केंद्र बस्ती, सिद्धार्थनगर, अयोध्या, बाराबंकी व अन्य केवीके को पौधे दिए गए थे ।जिससे इस पूर्वी उत्तर प्रदेश में नारियल के विकास की संभावनाओं को तलाशा जा सके और भविष्य में ज्यादा से ज्यादा मात्रा में नारियल के पौधों को क्षेत्र में लगाया जाए जिससे हमें नारियल दक्षिणी भारत से ना लाना पड़े और यहां का नारियल ही बाजार में जाए उनकी संभावना को देखते ही यह परियोजना चलाई गई थी । नारियल का पौधा लगाने के लिए जुलाई से लेकर के सितंबर तक समय ठीक रहता हैं ।

नारियल का पौधा लगाने के लिए एक घन मीटर का गड्ढा खोदकर के उसमें खाद और मिट्टी पर्याप्त मात्रा में पहले भर दें और फिर बरसात होने के बाद जब मिट्टी बैठ जाए उसमें पौधा लगा करके और मिट्टी को ऊपर तक कर दें यह नारियल लगाने की पूरी विधि है । पोषण की दृष्टि से नारियल बहुत ही पौष्टिक माना जाता है और सभी बीमारियों में नारियल के पानी पीने की सलाह दी जाती है । खासतौर से आपने देखा कि कोरोना में और वैसे भी जब भी किसी की इम्युनिटी या प्लेटलेट्स डाउन होती है तो नारियल का पानी पीने की सलाह दी जाती है वैसे भी सामान्य तौर पर भारत में प्रत्येक व्यक्ति को जब भी संभव हो नारियल का पानी अवश्य पीना चाहिए।

# गुरु गोरक्षनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग में सिमुलेशन लैब के लिए हुआ पूजन



अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के अन्तर्गत संचालित गुरु गोरक्षनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग में शनिवार को सिमुलेशन लैब के लिए पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

पूजन कार्यक्रम में महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के कुलपति मेजर जनरल डॉ अतुल वाजपेयी, कुलसचिव डॉ प्रदीप कुमार राव, गुरु गोरक्षनाथ इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज के प्राचार्य डॉ मंजूनाथ एनएस, एडिसन इक्यूपमेंट कम्पनी न्यू दिल्ली के डायरेक्टर (सेल्स) सरबजीत सिंह बेदी व डायरेक्टर (टेक्निकल) आलोक माथुर आदि शामिल हुए। कार्यक्रम नर्सिंग कॉलेज की प्राचार्या डॉ डीएस अजीथा की देखरेख में सम्पन्न हुआ।

# एनेक्सी भवन गोरखपुर में एक दिवसीय जनपद स्तरीय एआरपी कार्यशाला का हुआ आयोजन

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। जनपद के एनेक्सी भवन मे एक दिवसीय जिलास्तरीय एआरपी कार्यशाला का आयोजन हुआ। जिसमे जनपद गोरखपुर और जनपद संतकबीरनगर के सभी खंड शिक्षा अधिकारी, डीसी (ट्रेनिंग),एसआरजी, एआरपी ने प्रतिभाग किया। कार्यशाला का शुभारंभ मुख्य अतिथि परियोजना कार्यालय से जनपद के नोडल अधिकारी जीवेंद्र सिंह ऐरी , विनोद मिश्रा एडी बेसिक गोरखपुर मंडल, रमेंद्र कुमार सिंह जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी गोरखपुर,अमित कुमार सिंह जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संत कबीर नगर ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलित करके किया। कार्यशाला के प्रथम सत्र को संबोधित करते हुए परियोजना कार्यालय के उत्सव थापियाल जी ने शिक्षण सामग्री के प्रभावी उपयोग पर अपना विचार व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षक और विद्यार्थियों के बीच आत्मीय संबंध होना चाहिए जिससे एक दूसरे के विचारो का आदान प्रदान हो सके उन्होंने संदर्शिका के प्रयोग के बारे में समझाया और एआरपी के अन्य दवित्यो को बताया कार्यशाला के द्वितीय सत्र को संबोधित करते हुए परियोजना कार्यालय के निपुण सेल की स्वाति अग्रवाल जी ने निपुण लक्ष्य ऐप और निपुण लक्ष्य कैसे प्राप्त करे इस बारे में बारीकियों से समझाया गया कार्यशाला में सभी एआरपी को चार भागों में बाट कर अलग अलग टापिक देकर नाटक के माध्यम से समझाया गया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि नोडल अधिकारी श्री जीवेंद सिंह ऐरी जी ने कहा कि आप सभी एआरपी बेसिक शिक्षा के रीढ़ हैं आप सभी पूरे मनोयोग से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करे आप सभी विद्यालय जाकर सकारात्मक माहौल में विद्यालय की एकेडमिक स्तर को सुधारने में अपना योगदान दे कार्यशाला को संबोधित करते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी गोरखपुर ने कहा कि आप सभी लोगो के ऊपर एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है क्योंकि आप सभी विभाग और बच्चो के बीच की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी है आप सभी अच्छा कार्य कर रहे है आगे भी करते रहे हमारी शुभकामनाएं आपके साथ है। कार्यशाला को संबोधित करते हुए जिला समन्वयक प्रशिक्षण नितिन कुमार पांडेय ने कहा कि इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य आप सभी के अंदर की अंतर्निहित शक्तियों का विकास करना और सकारात्मकता का भाव लाना है इस कार्यशाला से आप सभी को निश्चित ही बेहतर सिख मिला होगा, जिससे विद्यालय को निपुण विद्यालय बनाने में मदद मिलेगी।कार्यशाला में मुख्य अतिथि ने सभी को निपुण शपथ भी दिलायाकार्यशाला में प्रमुख रूप से जिला समन्वयक विवेक जयसवाल , अमरेंद्र मणि त्रिपाठी ,एएओ शैलेश श्रीवास्तव, एसआरजी राजीव कुमार राय,राकेश धर दुबे,रमेश पांडेय,उमाराम पांडेय,सौरभ राज,प्रदीप कश्यप,यशोदेव राय,हर्ष श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे। कार्यशाला का संचालन ऋचा पांडेय ने किया ।कार्यशाला का समापन राष्ट्रगान से हुआ।

# खेत किसान केंद्र में लघु कृषक कृषि व्यापार संघ ने दिया प्रशिक्षण

**एकदिवसीय प्रशिक्षण पाकर कृषकों को मिली नई तकनीकों की जानकारी**

अमन लेखनी समाचार/शोभित शुक्ला




फतेहपुर।देश में वर्तमान सरकार द्वारा किसानों को बढ़ावा देने के लिए निरंतर नई तकनीकों की जानकारी देकर जगह-जगह कृषकों को प्रशिक्षित किया जा रहा है जनपद के अमौली विकासखंड अंतर्गत गांव पूरेराहत अली (गौरीपुर) में क्षेत्र के किसानों के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षण संस्थान खेत किसान केंद्र में एकदिवसीय प्रशिक्षण संपन्न हुआ प्रशिक्षण में केंद्र सरकार की लघु कृषक कृषि व्यापार संघ संस्था द्वारा किसानों को नई तकनीकों की जानकारी मिली खेत किसान केंद्र गौरीपुर में केंद्र के प्रबंधक भुवन भास्कर द्विवेदी के आयोजन में नई दिल्ली की संस्था के आवाहन में कृषि वैज्ञानिकों के तत्वावधान में एफपीओ का प्रशिक्षण दिया गया प्रशिक्षण के दौरान लघु किसानों को कृषि व्यवसाय के बढ़ाने हेतु दिशा निर्देशन मिला कार्यक्रम में उपस्थित राजधानी लखनऊ से चार्टर्ड अकाउंटेंट सूरज पटेल द्वारा किसानों को ऋण व्यवस्था तथा कंपनी की तकनीकें आदि समझाई गई वही मौके पर मौजूद सोनेको कंपनी के राष्ट्रीय एफपीओ समन्वक अपूर्व मिश्रा द्वारा कृषकों को व्यवसाय उत्तम फसल तथा अधिक उपज बढ़ाने के लिए जानकारियां दी गई इस मौके पर कई जनपदों से आए आगंतुकों के साथ खेत किसान केंद्र गौरीपुर के संचालक श्यामू द्विवेदी अभय तिवारी सौरभ कुमार बाबू सिंह धर्मेश कुमार मंजू देवी समेत आधार सैकड़ा से अधिक कृषक प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया आए हुए सभी मुख्य अतिथियों समेत क्षेत्र के उन्नत किसानों का खेत किसान संस्था के प्रबंधक भुवन भास्कर द्विवेदी ने आभार व्यक्त किया

# सम्पूर्ण समाधान दिवस पर 63 मामले एक का निस्तारण



अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवां शनिवार तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता उपजिलाधिकारी कुवँर सचिन सिंह किया। इस दौरान 63 मामले आये थे। मौके पर एक मामले का निस्तारण किया गया। राजस्व 34,पुलिस 8,विकास 11,अन्य 10 मामले आये थे। राजस्व सम्बंधित मामले के निस्तारण के लिए राजस्व टीम गठित किया गया है। जब कि पुलिस के मामले के निस्तारण के लिए जांच कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है। इस दौरान तहसीलदार राकेश कन्नौजिया,नायब तहसीलदार दुर्गेश चौरसिया,भानु प्रताप सिंह,कानूनगो विनय श्रीवास्तव,मोतीलाल,भानु प्रसाद,प्रमोद कुमार सहित अनेक विभाग के अधिकारी मौजूद थे।

# भाजपा विधायक समेत शासन प्रशासन ने सुनी जन समस्याएं

अमन लेखनी समाचार




बिंदकी, फतेहपुर। जनपद फतेहपुर के बिंदकी कस्बे के राजकीय बालिका इंटर कॉलेज परिसर में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद जहानाबाद विधानसभा के विधायक राजेंद्र सिंह पटेल ने लोगों की समस्याएं सुनी वही राजस्व विभाग की कुल 26 समस्याएं, पुलिस विभाग की कुल 9 समस्याएं ,विकास विभाग में कुल 07 समस्याएं ,समाज की 02 ,अन्य विभाग की 07 समस्याएं ,वही शिक्षा और स्वास्थ्य विभाग समस्याओं में शून्य पायदान में रहा जहा मौके पर 06 समस्याओं का निस्तारण भी किया गया और 45 समस्याएं अवशेष रही इस प्रकार कुल 51 समस्याओं को संपूर्ण समाधान दिवस में सुना गया वही संपूर्ण समाधान दिवस में वैद्यनाथ सिंह पुत्र नथ्थू सिंह निवासी रावतपुर थाना जाफरगंज जनपद फतेहपुर ने शिकायत किया वह अपना मकान बनवा रहा है लेकिन कुछ लोग अवरोध उत्पन्न कर रहे हैं वहीं थाना चांदपुर क्षेत्र के कुंदे रामपुर निवासी शिव शंकर पुत्र स्वर्गीय भगवान दिन ने शिकायत किया कि उनके भूमिधरी जमीन को चकमार्ग में मिला दिया गया न्याय दिलाने की मांग किया इस मौके पर उप जिला अधिकारी बिंदकी मनीष कुमार ,तहसीलदार जगदीश सिंह , नायब तहसीलदार रचना यादव ,क्षेत्राधिकारी सुशील कुमार दुबे विकासखंड अधिकारी अमौली विपुल विक्रम सिंह चौहान सहित अनेक अधिकारीगण मौजूद रहें

खास समाचार

## 10 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद

**सुबेहा, बाराबंकी।** थाना सुबेहा पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त राजेश कुमार पुत्र जयकरन निवासी शहरी इस्लामपुर थाना सुबेहा जनपद बाराबंकी को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के पास से 10 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गयी। अभियुक्त के विरूद्ध थाना सुबेहा पर मु0अ0सं0 280/2023 धारा 60(1) आबकारी अधिनियम पंजिकृत कर विधिक कार्यवाही की गई।

## हिंदू दलित परिवार को लालच देकर धर्मांतरण कराने वाले सदस्यों को किया गया गिरफ्तार

### शासन प्रशासन के सर दर्द बने गिरोह के सदस्य

**अम्बेडकर नगर**, हिंदू दलित परिवार को लालच देकर मुस्लिम धर्मांतरण कराने वाले अंतरराज्यीय धर्मांतरण गिरोह के चार सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पीड़िता की तहरीर पर इन लोगो के विरुद्ध घर में घुसकर मारपीट, एससी/ एसटी तथा विधि विरुद्ध धर्मांतरण समेत कई धाराओ में मुकदमा पंजीकृत किया है ।प्रकरण मालीपुर थाना के ताराकला गांव का है ।गांव निवासिनी दलित इंद्रावती द्वारा दी गई तहरीर के अनुसार उसका भाई श्यामलाल कुछ वर्ष पहले यहां से अपनी पहली पत्नी को छोड़कर मुंबई चला गया वहां किसी मुस्लिम मौलाना ने इनका धर्मांतरण करा दिया और मोहम्मद हुसैन बन गए इन्होंने मुंबई निवासिनी एक मुस्लिम महिला मुमताज से निकाह कर लिया जब उनकी बेटी हिना रब्बानी विवाह योग्य हुई तो इन्होंने वाराणसी निवासी विक्की उर्फ विकास त्रिपाठी का धर्मांतरण और सुन्नत कराकर पहले अब्दुल रहमान शेख बनाया तथा अपनी बेटी हिना शेख से निकाह कर दिया। माता प्रतापी देवी की मौत के बाद कुछ दिन पहले यह अपने उक्त पूरे परिवार के साथ ताराकला गांव आया और हम लोगों को दो लाख रुपये नगद उसके नाम की पूरी जमीन का लालच देकर मुस्लिम धर्म अपनाने के लिए कहता जब हम लोग मुस्लिम बनने के लिए तैयार नहीं हुए तो वह 30 अगस्त को पत्नी दामाद और बेटी के साथ घर में घुसकर गाली गलौज देते हुए जान से मारने की धमकी दिया और जाति सूचक गाली गलौज देकर अपमानित करने लगा। पुलिस ने पीड़िता इंद्रावती की तहरीर पर मोहम्मद हुसैन उर्फ श्यामलाल अब्दुल रहमान उर्फ विकास त्रिपाठी, हिना अब्दुल रहमान शेख और मुमताज के विरुद्ध धर्मांतरण एससी/ एसटी घर में घुसकर मारपीट आदि की धारा में मुकदमा पंजीकृत कर और चारों लोगों को गिरफ्तार कर लिया।

## आम रास्ता दलदल में तब्दील, जिम्मेदार बेखबर

**नानपारा, बहराइच।** तहसील नानपारा क्षेत्र अंतर्गत विकासखंड शिवपुर के ग्राम कोटवा में आम रास्ता दलदल में तब्दील होता दिखाई दे रहा है। ग्रामीण बमुश्किल अपने गंतव्य को पहुंच पाते हैं, हल्की सी बारिश में भी रास्ता पानी से लबालब भर जाता है, वहीं नाली का निकास सही न होने की वजह से आसपास का पानी भी आम रास्ते पर इकट्ठा होता है जिससे ग्रामीणों को असुविधा होती है स्कूल जाने वाले बच्चे कीचड़ से बचकर निकलते नजर आते हैं तो बुजुर्गों को दवाई के लिए अस्पताल जाना भी मुश्किल होता है, कई बार इसी दलदल में गिरकर चोटहिल भी हो चुके हैं। लेकिन ग्रामीण और राहगीरों की तमाम शिकायतों के बावजूद ग्राम प्रधान, ग्राम विकास अधिकारी और खंड विकास अधिकारी इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे। मामले की शिकायत समाधान दिवस में उपजिलाधिकारी से करते हुए सुधीर पांडेय एडवोकेट ने बताया कि करीब दस साल से ग्राम कोटवा का आम रास्ता जर्जर है, जलभराव व खड़ंजे की कटान से रास्ता दलदल में बदल गया है लेकिन शिकायत के बावजूद रास्ता सही नहीं कराया जा रहा, सिर्फ सरकारी धन का बंदरबांट हो रहा है ।इसके अलावा कोटवा गांव में आर ओ फिल्टर प्रोजेक्ट लगा हुआ है जो लगते ही खराब हो गया और आज तक बंद पड़ा है। श्री पांडेय ने मुख्य मार्ग खड़ंजा और आर ओ फिल्टर को सही कराए जाने की मांग की है।

## मेरी माटी-मेरा देश अभियान को धूमधाम से मनाएगी भाजपा

अमन लेखनी समाचार

**गौरीगंज,अमेठी।** गौरीगंज स्थित भाजपा ज़िला कार्यालय पर मेरी माटी - मेरा देश कार्यक्रम की तैयारी बैठक आयोजित हुई ।जिसमें जिलाध्यक्ष दुर्गेश त्रिपाठी ने कहा की मेरी माटी -मेरा देश के अंतर्गत अमृत कलश के माध्यम से हर घर व पंचायत से मिट्टी एकत्रित किया जाएगा ।प्रत्येक गांव में 75 पौधे लगाकर अमृत वाटिका बनाई जायेगी ।इसके बाद अमृत कलश को ब्लॉक मुख्यालय फिर वहां से लखनऊ तत्पश्चात दिल्ली पहुंचाया जाएगा ।इस मिट्टी से दिल्ली के नेशनल वार मेमोरियल के समीप अमृत वाटिका का निर्माण किया जाएगा.ये अमृत वाटिका, एक भारत-श्रेष्ठ भारत का भव्य प्रतीक बनेगी ।ज़िलाध्यक्ष ने आगे अपने सम्बोधन में कहा जनपद स्तर पर भारतीय जनता पार्टी मेरा माटी - मेरा देश अभियान को धूमधाम से मनाएगी ।सितम्बर व अक्टूबर में पंचायत,ब्लॉक एवं जिला स्तर पर कई



कार्यक्रम होंगे ।जिसमें जनभागीदारी भी सुनिश्चित की जाएगी ।ज़िला महामन्त्री एवं अभियान संयोजक सुधाँशु शुक्ला ने मेरी माटी - मेरा देश कार्यक्रम की विस्तार से जानकारी दी ।उन्होंने कहा मण्डलों की बैठक ब्लाक मुख्यालय पर होगी ।ग्राम सभाओं व नगरीय वार्डों की योजना बैठक होगी ।ग्राम/वार्ड स्तर पर संयोजक एवं दो सहसंयोजक बनाए जाएंगे ।8 से 13 सितंबर के बीच ग्रामों/वार्डों के सभी कार्यक्रम संपन्न होंगे। 3 से 13 अक्टूबर के बीच ब्लॉक स्तर पर अमृत कलश को एकत्रित किया जाएगा। इस दौरान ब्लॉक में सामूहिक रूप से सांस्कृतिक, सामाजिक कार्यक्रम संपन्न होंगे ।मेरी माटी-मेरा देश कार्यक्रम में विधायक व ब्लॉक प्रमुखों को अपने क्षेत्र के कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करनी है ।पार्टी प्रवक्ता चन्द्रमौलि सिंह ने बताया कि 27-28 अक्टूबर को ब्लाक मुख्यालय से ब्लॉक प्रमुखों के नेतृत्व में अमृत कलश यात्रा धूमधाम से लखनऊ पहुंचेगी ।वहां पर मुख्यमंत्री द्वारा स्वागत किया जाएगा ।लखनऊ में कार्यक्रम के बाद अमृत कलश यात्रा राजधानी दिल्ली पहुँचेगी ।किया ।ज़िला बैठक में प्रमुख रूप से राकेश त्रिपाठी जिला महामंत्री चन्द्रमौलि सिंह प्रवक्ता केशव सिंह जिला महामंत्री भवानी दत्त दीक्षित जिला उपाध्यक्ष राम प्रसाद मिश्रा जिला कोषाध्यक्ष भागीरथी मौर्य जिला महामंत्री प्रभात शुक्ला जिला मंत्री अतुल सिंह जिला मंत्री भूपेंद्र मिश्रा मंडल प्रभारी काली भगत सिंह मंडल प्रभारी अजय तिवारी मंडल अध्यक्ष राजेश सिंह मंडल अध्यक्ष महेंद्र मिश्रा मंडल अंशु तिवारी ज़िला संयोजक आई टी अध्यक्ष निमिषा त्रिपाठी जिला महामंत्री महिला मोर्चा सरयू तिवारी मंडल प्रभारी हेमंत विक्रम सिंह राजीव शुक्ला सहित सभी प्रमुख कार्यकर्ता मौजूद रहे।




अमन लेखनी समाचार

राष्ट्रीय लोकदल के वरिष्ठ नेता उत्तर प्रदेश सदस्यता अभियान व प्रदेश के मीडिया प्रभारी सुरेंद्र नाथ त्रिवेदी के पार्थिव शरीर पर पार्टी के झंडे के साथ पुष्पांजलि अर्पित कर अंतिम बिदाई देते हुए राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे

## कविता



मां तेरा अभिनंदन है।
मां तेरा अभिनंदन है,
तेरी ममता का अद्भुत संगम है।
तू है सच्ची प्रेम की रानी,
हर बच्चे की आदर्श माँ है।
तेरी मुस्कान में छुपा है सुख,
तेरे आंचल में बसी है शांति।
तू है सबका आधार, सहारा,
तेरे बिना किसी का जीवन नहीं।
तेरी ममता का अनंत कोष है,
हर बच्चे की खुशियों का स्त्रोत है।
तू है जीवन का सच्चा आधार,
तेरे बिना किसी का मन नहीं।
तेरे प्यार में हम सुरक्षित हैं,
तेरे आँचल में हम सुकून पाते हैं।
तू है हमारी खुशियों का कारण,
तेरे बिना किसी का जीना नहीं।
कवि - अनुराग उपाध्याय।

## चार दिन बाद भी प्रधानपति के मुख्य हत्यारे तक नहीं पहुंचे खाकी के हाथ

अमन लेखनी समाचार

**तिलोई,अमेठी।** करनगांव में चार दिन पहले ग्राम प्रधान पति रिजवान अहमद की हुई हत्या मामले में अब तक पुलिस के हाथ मुख्य हत्यारोपी तक नहीं पहुंच सके है। इसको लेकर परिजनों और प्रधानों में आक्रोश है वहीं पुलिस की कार्यशैली पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। बुधवार को करनगांव में एक आवासीय भूमि कि पंचायत करने के दौरान ग्राम प्रधान शबनम बानो के पति रिजवान अहमद की धारदार हथियार से माशूक उर्फ राजू समेत पांच लोगों के प्राणघातक हमला कर मौत के घाट उतार दिया गया था। प्रधानपति पर हमला होते देखा बीच बचाव करने पहुंचे चालक रामधनी के सिर पर हमला बोलकर दिया गया। मामले में पुलिस ने मृतक के भाई उबैद की तहरीर पर गांव की रहने वाली दो महिला समेत पांच लोगों के खिलाफ हत्या के आरोप में मुकदमा दर्ज किया था। घटना के बाद शोक में उमड़ा जन सैलाब को देखते हुए पुलिस के हाथ फूल गए। देखते ही देखते पूरा गांव के चप्पे चप्पे को छावनी में तब्दील कर दिया गया। पुलिस अधीक्षक डॉ. इलमारन ने भी गांव



आकर निरीक्षण किया और मातहतों को आरोपितों की गिरफ्तारी का निर्देश दिया। एसडीएम तिलोई दिग्विजय सिंह समेत राजस्व टीम भी गांव पहुंची। पैमाइश के दौरान विवादित भूमि तालाब के दर्ज खाते पर अंकित पाई गई। दूसरे ही दिन आरोपितों को कड़ा संदेश देने के लिए प्रशासन ने बुलडोजर से अवैध मकान को ढहवा कर भूमि को सुरक्षित कर लिया। रास्ते की भूमि पर खड़ी दो मंजिला इमारत को जमींदोज के लिए प्रशासन ने नजरे टेढ़ी करते हुए अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी है। 24 घंटे तक नामजदों की गिरफ्तारी न होने पर नाराज पूर्व ब्लाक प्रमुख कृष्ण कुमार सिंह मुन्ना के साथ सैकड़ो ग्राम प्रधान व स्थानीय लोगों ने फत्तेपुर मत्तेपुर मार्ग पर बैठकर शांतिपूर्ण ढंग से प्रदर्शन करते आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग पर अड़ गए। पुलिस अधीक्षक के 24 घंटे के भीतर हत्याकांड में शामिल सभी आरोपियों को गिरफ्तार किए जाने का आश्वासन पर नाराज लोगों शांत हुआ। बृहस्पतिवार को पुलिस ने घटना में शामिल साकिर उर्फ गुड्डू, पत्नी आलिया व माशूक उर्फ राजू की पत्नी रुबीना को घर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया हैं। पुलिस ने राजू और मोसिम को अब तक गिरफ्तार नहीं कर सकी है। मुख्य आरोपित समेत दो की गिरफ्तारी पुलिस के लिए किसी चुनौती से कम नहीं है। क्षेत्राधिकार तिलोई डॉ. अजय कुमार सिंह से बात की गई तो बताया कि मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी के लिए गठित टीम काम कर रहीं है जल्द ही उसे गिरफ्तार किया जाएगा। घटना में शामिल मोसिम को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### संगठन ने जताया विरोध:

घटना को लेकर ब्लॉक प्रमुख सिंहपुर अंकित पासी व सिंहपुर प्रधान संघ अध्यक्ष नवीन श्रीवास्तव ने प्रधानपति के मुख्य हत्यारोपी माशूक उर्फ राजू तक पुलिस की हाथ न पहुंचने पर कार्यशैली पर सवाल खड़े किए है। और मामले की शिकायत सूबे के चिकित्सा शिक्षा राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह से करके तत्काल कार्यवाही की मांग किया हैं।

### शोक संतृप्त परिवारों को ढांढस बंधाने गांव पहुंचे राज्यमंत्री:

सूबे के स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राज्यमंत्री व विधायक तिलोई मयंकेश्वर शरण सिंह करनगांव पहुंचकर मृतक प्रधानपति रिजवान के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर पीड़ित परिजनों से मुलाकात किया और सांत्वना दी। पत्नी ग्राम प्रधान शबनम से मिलकर न्याय का भरोसा दिलाया। इस दौरान मृतक की चारों बेटियों ने रोते रोते राज्यमंत्री को अपनी पीड़ा सुनाई। कहा मुझे न्याय चाहिए। जिस प्रकार आरोपितों ने मेरे पापा की हत्या की है। उसी प्रकार की सजा उन्हें भी मिले। मुझे खून के बदले खून चाहिए, तभी मेरे पापा की आत्मा को शान्ति मिलेगी। राज्यमंत्री ने बेटियों की करुणाभरी वेदना को सुनकर गमगीन नजर आएं। राज्यमंत्री शेखनगांव निवासी प्रमोद त्रिपाठी के आवास पर पहुंचे, हाल ही में उनकी मां का निधन हुआ था। राजाफत्तेपुर गांव में गुड्डू पाठक के भाई के निधन पर दुख जताते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। राज्यमंत्री दशवत का पुरवा गांव निवासी अमरजीत सिंह के घर पहुंचे। उनकी मां का निधन पर संवेदना व्यक्त की। कृष्ण कुमार सिंह मुन्ना, अंकित पासी, धर्मेश मिश्र, सुजीत पांडेय, शिरीष गुप्ता, तेज नारायण मिश्र समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## आकांक्षात्मक विकास खंड जामों, जगदीशपुर एवं बाजार शुकुल में विकास मानकों को लेकर डीएम ने की बैठक

अमन लेखनी समाचार

**अमेठी।** जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र ने कलेक्ट्रेट सभागार में आकांक्षात्मक विकासखंड जामों, जगदीशपुर व बाजार शुकुल में विकास मानकों को लेकर संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा किया एवं आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में डीएम ने स्वास्थ और पोषण, शिक्षा, कृषि और जल संसाधन, वित्तीय समावेशन, कौशल विकास तथा आधारभूत संरचना के विविध मानकों पर इन आकांक्षात्मक विकासखंडों के समग्र विकास के लिए कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आकांक्षात्मक विकास खंडों में कर्मचारियों की तैनाती शत-प्रतिशत



सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि मा0 मुख्यमंत्री जी के निदेशानुसार आकांक्षात्मक विकासखंडों की प्रगति का अनुश्रवण अब 75 इंडिकेटर्स के आधार पर किया जाएगा। बैठक में डीएम ने संबंधित अधिकारियों को आकांक्षात्मक विकासखंडों में अपने-अपने विभाग में संचालित योजनाओं/कार्यक्रमों का क्रियान्वयन शत प्रतिशत कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि चयनित इंडिकेटर पर ब्लाकवार अद्यतन सूचना वर्तमान माह के अंत तक एकत्र कर ली जाए। इसके उपरांत हर माह की 15 तारीख तक संबंधित विकासखंडों द्वारा अद्यतन विवरण पोर्टल पर फिर किया जाए तथा इसकी पुष्टि संबंधित विभागों द्वारा कराई जाए। उन्होंने कहा कि संबंधित उपजिलाधिकारी अपनी तहसील के अंतर्गत चयनित आकांक्षात्मक विकासखंडों के नोडल अधिकारी होंगे, जो कि आकांक्षात्मक विकासखंड में होने वाले विकास कार्यों/योजनाओं का सतत अनश्रवण एवं स्थलीय निरीक्षण, विकासखंड में कार्मिकों की उपलब्धता तथा पोर्टल/डैशबोर्ड पर फीड कराए जा रहे डेटा की शुचिता और वास्तविकता के प्रति जवाबदेह होंगे। इसके अतिरिक्त आकांक्षात्मक विकासखंडों में तैनात खंड विकास अधिकारियों को किसी अन्य विकासखंड का अतिरिक्त प्रभार न दिया जाए तथा विभागों द्वारा महत्वाकांक्षी जनपदों की भाति आकांक्षात्मक विकासखंडों में कार्मिकों की शत-प्रतिशत तैनाती सुनिश्चित की जाए। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा, जिला विकास अधिकारी तेजभान सिंह, परियोजना निदेशक डीआरडीए ऐश्वर्य यादव, जिला पंचायत राज अधिकारी श्रीकांत यादव सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## फर्जी रजिस्ट्री प्रकरण में बंटी गिरफ्तार, बबली की तलाश जारी

अमन लेखनी समाचार

**देवा,बाराबंकी।** थाना देवा कस्बा के मोहल्ला होजाजी पूर्वी दो में मुजीब हलवाई पुत्र स्वर्गीय गुलाम दस्तगीर को फर्जी रजिस्ट्री बेचने के आरोप में मुकदमा दर्ज करने के 5 महीने बाद पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है हालांकि यह गिरफ्तारी देर से हुई है लेकिन पीड़ित को न्याय की उम्मीद जग गई है वादी आरिफ अली के मुताबिक दिनांक को भू माफिया मुजीब हलवाई व उसकी पत्नी हमीदा ने जमीन दिखाकर फर्जी रजिस्ट्री कर दी थी और उसे लाखों रुपए हड़प लिए थे जिसके एवज में पीड़ित जब भी इन धोखेबाजों से अपनी रकम की वापसी मांगता तो कोई ना कोई बहाना बनाकर धोखेबाजों द्वारा जब टाल दिया जाता था दिया जाता था पीड़ित के मुताबिक धोखेबाजों के पास चक्कर लगा लगाकर पीड़ित को भी चक्कर आ गया था अपनी जमा राशि मांगी जा रही थी तो



धोखेबाजों ने उनको धमकाने के साथ वापस न देने की भी चेतावनी डाली थी पीड़ित आरिफ अली ने इसकी शिकायत संबंधित देव थाने में की परंतु वहां पर कोई सुनवाई न होने के चलते देख एसपी बाराबंकी दिनेश कुमार सिंह से पूरा मामला बताया गया तब पुलिस अधीक्षक के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया था हालांकि पुलिस की जांच काफी लंबी चली देर से सही पुलिस ने धोखेबाज को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया शिकायतकर्ता आरिफ अली के मुताबिक थाने में जब वह शिकायत करने पहुंचा तो उसकी तहरीर पर मुकदमा नहीं लिखा गया जिस कारण भू माफिया के हौसले बुलंद हुए और वह लोगों से कहता फिरता था कि कहीं भी चले जाएं उनकी सुनवाई नहीं होगी इसके बाद जब सपा के आदेश पर मुकदमा दर्ज होने के बाद भी भू माफिया पीड़ित वह स्थानीय लोगों से यह कहता फिरता था मुकदमा दर्ज होने के बाद भी उसका कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता पुलिस उसे हाथ तक नहीं लगा सकती और ना ही उसे छू सकती है इसके बाद शिकायत करता ने जब हाई कोर्ट से प्रोग्रेस रिपोर्ट डालकर कार्रवाई की मांग की पुलिस को भी कानून का पाठ याद और फिर धोखेबाज की गिरफ्तारी हो सकी हालांकि पुलिस की जांच में संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज होने के बाद लंबे समय बाद गिरफ्तारी चर्चा बनी हुई है सूत्रों के मुताबिक मुकदमा दर्ज होने के बाद जालसाज देश छोड़कर भागने की फिराक में था मुकदमे में हारी हुई फर्जी जमीन की रजिस्ट्री पीड़ित को कर दी गई थी जिसमें सलाखों के पीछे भेज दिया गया है फिलहाल मुजीब हालव्ई उर्फ बंटी को तो पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है लेकिन उसकी पत्नी हमीदा उर्फ बबली की तलाश अभी भी जारी है जो अब तक पुलिस के शिकंजे से बाहर है उसकी गिरफ्तारी कब होगी यह तो पुलिस की कार्यशैली बताएगी लेकिन फिलहाल भूमिया की इस गिरफ्तारी से भू माफिया और फर्जी रजिस्ट्री करने वाले इस ग्रुप सिंडिकेट पर दहशत जरूर फैल गई है बंटी के साथ अब बबली की तलाश पुलिस कर रही है

## समाजवादी पार्टी कार्यालय पर मासिक बैठक हुई आयोजित

### इंडिया गठबंधन केन्द्र की तानाशाह सरकार को उखाड़ फेंकेगी…जिलाध्यक्ष

अमन लेखनी समाचार

**अमेठी,** जिला मुख्यालय समाजवादी पार्टी कार्यालय पर मासिक बैठक हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष राम उदित यादव और संचालन एड अरशद अहमद ने किया। पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकताओं ने संगठन की मजबूती और सरकार की विफलता चर्चा की, और जिले में विगत दिवस साइकिल यात्रा को सफल बनाने में सहयोग करने वाले पार्टी के सभी पदाधिकारी और कार्यकताओं का जिलाध्यक्ष ने आभार प्रकट किया। उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा कि देश की जनता मौजूदा तानाशाह निरंकुश सरकार से त्रस्त हो चुकी हैं। जो देश व समाज में धार्मिक उन्माद पैदा करके आपसी भाईचारा को खत्म करने का कार्य कर रही हैं। समाज में नफरत का जहर बोया जा रहा हैं । महिलाओं की




अस्मिता के साथ खिलवाड़ किया जा रहा हैं। सरकार और उसके जिम्मेदारी चुप और खामोश हैं। हम सबको इस सरकार से सावधान रहते हुए जनता को भी इनकी बदनीयती के बारे में सचेत करना हैं। जिससे इनका नफरती एजेंडा कामयाब नहीं होगा। देश में मौजूदा एनडीए सरकार से जनता को निजात दिलाने के लिए विपक्षी पार्टियों का बना गठबंधन इंडिया की ओर देश की जनता उम्मीद भरी नजरों से देख रही हैं। और यही गठबंधन जनता को इस सरकार से मुक्ति भी दिला सकता हैं। उन्होंने पार्टी के संगठन को जिला से लेकर बूथ तक मजबूत करने पर जोर दिया। और सभी से बी एल ओ से मिलकर मतदाता सूची पर पूरी तरह से नजर रखने की जरूरत पर बल दिया, मतदाता सूची में नाम को जोड़ने और काटने को बारीकी से देखना हैं। इस कार्य में किसी तरह से लापरवाही नहीं करना हैं। देश व प्रदेश में बढ़ती हुई महगांई, बेरोजगारी, कानून व्यवस्था और भ्रष्ट प्रशासन से चहु ओर त्राहि मची हुई हैं। जिसे इस सरकार को उखाड़ फेंकने के बाद ही बदल सकता हैं। आज हम सबको इस संकल्प के साथ अपने अपने घर जाना हैं कि 2024 में कठऊकअ गठबंधन का प्रत्याशी पूरे देश और प्रदेश में जीत हासिल कर केन्द्र में सरकार बनायेगी, तभी देश में अमन, शांति, भाईचारा की बयार बहेगी। उन्होंने कहा कि अमेठी का इतिहास रहा हैं वह सदैव देश का ज्यादा से ज्यादा प्रधानमंत्री देने का कार्य किया हैं। उसी को फिर दोहराने की जरूरत हैं। कार्यक्रम में चंद्रशेखर यादव, राम केवल यादव, धर्मराज पाल, राजा लाल यादव, महेन्द्र मोनू, राकेश कौहार आदि मौजूद रहे।

## रालोद नेता के निधन पर वरिष्ठ नेताओं ने श्रद्धांजलि अर्पित की

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोकदल के वरिष्ठ नेता एवं मीडिया प्रभारी सुरेन्द्रनाथ त्रिवेदी का आज संजय गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान में सुबह निधन हो गया उनके निधन पर राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयन्त सिंह प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे आदि नेताओं ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने पार्टी जनों के साथ उनके आवास पर पहुंचकर उनके पार्थिव शरीर पर पार्टी की तरफ से राष्ट्रीय लोकदल का झंडा व पुष्पांजलि अर्पित की और परिजनों को सांत्वना दी। उनके निधन की सूचना पर राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयन्त सिंह ने उनके पुत्र मयंक त्रिवेदी को फोन पर



शोक संवेदना व्यक्त की और कहा कि उनके निधन से पार्टी को अपूर्णनीय क्षति हुयी है। शोक व्यक्त करने वालों में पार्टी के पूर्व विधायक शिव करन सिंह, राष्ट्रीय सचिव ओंकार सिंह एवं विजय श्रीवास्तव, टीम आर0एल0डी0 के राष्ट्रीय संयोजक अनुपम मिश्रा, वरिष्ठ नेता वसीम हैदर, रजनीकांत मिश्रा, चन्द्रबली यादव, मनोज सिंह चौहान, अम्बुज पटेल, रोहित अग्रवाल, बीएल प्रेमी, आदित्य विक्रम सिंह, चंद्रकांत अवस्थी, अभिषेक सिंह, अमन पाण्डेय, रमावती तिवारी, रणविजय मौर्य, आर0पी0 सिंह चैहान, मो0 आमिर, विपिन द्विवेदी, अमित गुप्ता प्रमुख थे।


**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

**मो. – 9838159555, 9935457982**

**E-mail address amanlekhaninews@gmail.com**

**खबर संक्षेप**

### हुंडई मोटर की बिक्री में 15 फीसदी की वृद्धि

**नई दिल्ली।** हुंडई मोटर इंडिया की अगस्त में थोक बिक्री सालाना आधार पर 15 प्रतिशत बढ़कर 71,435 इकाई हो गई। वाहन विनिर्माता ने अगस्त 2022 में अपने डीलरों को 62,210 इकाइयां भेजी थीं। घरेलू बिक्री पिछले महीने नौ प्रतिशत बढ़कर 53,830 इकाई हो गई, जो एक साल पहले इसी अवधि में 49,510 इकाई थी।

### एनएमडीसी का उत्पादन अगस्त में 37 फीसदी बढ़ा

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की एनएमडीसी का लौह अयस्क उत्पादन अगस्त में 37.5 प्रतिशत बढ़कर 34.1 लाख टन हो गया। खनन कंपनी ने पिछले साल अगस्त में 24.8 लाख टन लौह अयस्क का उत्पादन किया था। कंपनी की बिक्री भी अगस्त में 25 प्रतिशत बढ़कर 35.4 लाख टन हो गई, जो पिछले साल इसी महीने में 28.3 लाख टन थी।

### टाटा मोटर्स की वाहन बिक्री मामूली घटी

**नई दिल्ली।** देश की प्रमुख वाहन कंपनी टाटा मोटर्स की कुल बिक्री अगस्त में सालाना आधार पर मामूली रूप से घटकर 78,010 इकाई रही। कंपनी ने अगस्त 2022 में 78,843 इकाइयां बेची थीं। टाटा मोटर्स ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि कंपनी की घरेलू बिक्री अगस्त में सालाना आधार पर मामूली गिरावट के साथ 76,261 इकाई रही।

### टीवीएस मोटर की बिक्री चार फीसदी बढ़ी

**नई दिल्ली।** टीवीएस मोटर की कुल बिक्री अगस्त में सालाना आधार पर चार प्रतिशत बढ़कर 3,45,848 इकाई रही, जो पिछले साल इसी महीने में 3,33,787 इकाई थी। कंपनी ने शुक्रवार को शेयर बाजार को बताया कि कुल दोपहिया वाहन बिक्री अगस्त में पांच प्रतिशत बढ़कर 3,32,110 इकाई रही, जो पिछले साल समान महीने में 3,15,539 इकाई थी।

### लेलैंड की बिक्री में 10 फीसदी का इजाफा

**नई दिल्ली।** वाणिज्यिक वाहन बनाने वाली अशोक लेलेंड की अगस्त में वाहन बिक्री 10 प्रतिशत वृद्धि के साथ 15,576 इकाई पर पहुंच गई। कंपनी ने पिछले साल अगस्त में 14,121 वाहन बेचे थे। अशोक लेलेंड ने बयान में कहा, 'कंपनी की अगस्त में कुल घरेलू बिक्री नौ प्रतिशत बढ़कर 14,545 इकाई रही, जो पिछले साल इसी महीने में 13,301 इकाई थी।'

### बजाज ऑटो की बिक्री अगस्त में 15% घटी

**मुंबई।** बजाज ऑटो की अगस्त में कुल बिक्री सालाना आधार पर 15 प्रतिशत घटकर 3,41,648 इकाई रह गयी। कंपनी ने अगस्त 2022 में 4,01,595 इकाइयों की बिक्री की थी। जारी एक बयान के अनुसार, अगस्त 2022 में बेची गई 2,56,755 इकाइयों की तुलना में पिछले महीने कुल घरेलू बिक्री 20 प्रतिशत गिरकर 2,05,100 इकाई रह गई। अगस्त में कुल वाहन निर्यात सालाना आधार पर छह प्रतिशत गिरकर 1,36,548 इकाई रह गया, जो एक साल पहले की समान अवधि में 1,44,840 इकाई था।

# मारुति ने अगस्त में रिकॉर्ड बिक्री की, एसयूवी खंड में बनी अगुवा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

- ग्रैंड विटारा, ब्रेजा व जिम्नी की बिक्री शानदार रही

देश की अग्रणी वाहन विनिर्माता मारुति सुजुकी ने अगस्त में 1,89,082 वाहनों की थोक बिक्री की जो अब तक की सर्वाधिक मासिक बिक्री है। इसके पीछे एसयूवी खंड में जोरदार बिक्री की अहम भूमिका रही है।

मारुति के ग्रैंड विटारा, ब्रेज़ा और जिम्नी जैसे एसयूवी मॉडलों का बिक्री आंकड़ा वित्त वर्ष के पहले पांच महीनों में शानदार रहा है। इसके दम पर मारुति अप्रैल-अगस्त अवधि में घरेलू एसयूवी खंड में अग्रणी स्थान पर पहुंच गई।

**मारुति ने अगस्त में 1,89,082 वाहनों की थोक बिक्री की**

#### एसयूवी खंड में नंबर एक

अगस्त में कंपनी की एसयूवी बिक्री 41,658 इकाई रही, जबकि महिंद्रा एंड महिंद्रा की बिक्री इस खंड में 37,233 इकाई रही। उन्होंने कहा, " चालू वित्त वर्ष में हम अप्रैल-अगस्त तक एसयूवी खंड में नंबर एक बन गए हैं।"



#### बहुउपयोगी वाहनों की बिक्री हुई दोगुना

ब्रेजा, अर्टिगा, फ्रॉन्क्स, ग्रांड विटारा, जिम्नी और एक्सएल6 जैसे बहु-उपयोगी वाहनों की अगस्त में बिक्री दोगुनी होकर 58,746 इकाई रही, जो पिछले वर्ष अगस्त में 26,932 इकाई थी। वहीं आल्टो, एस-प्रेसो जैसी छोटी कारों की बिक्री घटकर 12,209 इकाई रही, जो अगस्त 2022 में 22,162 इकाई थी।

#### कॉम्पेक्ट कारों की बिक्री भी बढ़ी

कंपनी ने बलेनो, सेलेरियो, डिजायर, इग्निस और स्विफ्ट जैसी कॉम्पेक्ट कारों की 72,451 इकाइयां बेचीं जो अगस्त 2022 में 71,557 इकाई थी। एमएसआईएल के अनुसार, अगस्त में उसका निर्यात 24,614 इकाई रहा, जो पिछले वर्ष के समान माह में 21,481 इकाई था।

#### बिक्री सालाना आधार पर 14%बढ़ी

कंपनी की थोक बिक्री अगस्त में सालाना आधार पर 14 प्रतिशत बढ़कर 1.89 लाख हो गई जबकि एक साल पहले की समान अवधि में उसने 1,65,173 इकाइयों की बिक्री की थी। मारुति का मासिक बिक्री का पिछला रिकॉर्ड अक्टूबर, 2020 में बना था जब कंपनी ने 1,82,448 इकाइयों की मासिक बिक्री दर्ज की थी।

#### घरेलू बिक्री में 16 फीसदी का इजाफा

मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड (एमएसआईएल) ने एक बयान में कहा कि उसके कुल यात्री वाहनों की घरेलू बिक्री 16 प्रतिशत वृद्धि के साथ 1,56,114 इकाई रही, जो अगस्त 2022 में 1,34,166 इकाई थी। एमएसआई के वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी (विपणन एवं बिक्री) शशांक श्रीवास्तव ने कहा कि कंपनी चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-अगस्त की अवधि में महिंद्रा एंड महिंद्रा को पछाड़कर एसयूवी खंड में अग्रणी खिलाड़ी बन गई है।

### ओसीसीआरपी सोरोस द्वारा वित्तपोषित गैर-लाभकारी संगठन है

# वेदांता ने पर्यावरण नियमों को कमजोर करने के लिए की लॉबिंग: ओसीसीआरपी

*खोजी पत्रकारों के वैश्विक नेटवर्क 'ऑर्गेनाइज्ड क्राइम एंड करप्शन रिपोर्टिंग प्रोजेक्ट' (ओसीसीआरपी) की नयी रिपोर्ट में आरोप लगाया गया है कि खनन तथा तेल के कारोबार से जुड़ी कंपनी वेदांता ने वैश्विक महामारी के दौरान अहम पर्यावरण नियमों को कमजोर करने के लिए 'गोपनीय ढंग से लॉबिंग' की।*

#### केयर्न की छह परियोजनाओं को मंजूरी दी गई

स्थानीय विरोध के बावजूद राजस्थान में केयर्न की छह विवादास्पद तेल परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है। वेदांता के प्रवक्ता ने टिप्पणी के लिए संपर्क किए जाने पर कहा कि समूह 'टिकाऊ तरीके से घरेलू उत्पादन को बढ़ाकर आयात कम करने के उद्देश्य से काम करता है।'

एजेंसी ⏭ मुंबई

इससे पहले ओसीसीआरपी ने अदाणी समूह पर गुपचुप तरीके से अपने ही कंपनियों के शेयरों में निवेश का गुरुवार को आरोप लगाया था। जॉर्ज सोसोस द्वारा वित्तपोषित गैर-लाभकारी संगठन ने अपनी ताजा रिपोर्ट में कहा कि भारत सरकार ने सार्वजनिक परामर्श के बिना कुछ परिवर्तनों को मंजूरी दी और उन्हें 'अवैध तरीकों' से लागू किया गया।

#### सार्वजनिक सुनवाई रद्द करने की पैरवी की

रिपोर्ट में कहा गया, 'एक मामले में, वेदांता ने यह सुनिश्चित करने के लिए दबाव डाला कि खनन कंपनियां नई पर्यावरणीय मंजूरी के बिना 50 प्रतिशत तक अधिक उत्पादन कर सकें।' रिपोर्ट में दावा किया गया कि वेदांता की तेल व्यवसाय कंपनी, केयर्न इंडिया ने भी सरकारी नीलामी में हासिल किए गए तेल ब्लॉकों में 'ड्रिलिंग' के लिए सार्वजनिक सुनवाई रद्द करने की पैरवी भी की।

**अदाणी के बाद अब ओसीसीआरपी वेदांता के पीछे पड़ा**

**महामारी के दौरान गोपनीय ढंग से वेदांता पर लॉबिंग का आरोप**

**बिना पर्यावरण मंजूरी के 50% तक अधिक उत्पादन की मंजूरी मांगी गई**

#### जावड़ेकर ने तेजी से किया काम

रिपोर्ट में कहा गया कि जावड़ेकर ने इस दिशा में तेजी से काम किया और 'उन्होंने अपने मंत्रालय' के सचिव और वानिकी महानिदेशक को नीतिगत मुद्दे पर चर्चा करने का निर्देश दिया। इस पत्र पर उन्होंने इसे बेहद महत्वपूर्ण बताया।' ओसीसीआरपी ने कहा इसी तरह के बदलाव के लिए उद्योग जगत के पिछले प्रयास सफल नहीं हो सके थे, लेकिन इस बार अग्रवाल को वह मिला, जो वह चाहते थे।

***आर्थिक वृद्धि में तेजी लाने की बात कही गई*** *: ओसीसीआरपी ने कहा कि वेदांता समूह के संस्थापक और चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने जनवरी 2021 में तत्कालीन पर्यावरण मंत्री प्रकाश जावड़ेकर से कहा था कि सरकार खनन कंपनियों को नई पर्यावरणीय मंजूरी के बिना उत्पादन को 50 प्रतिशत तक बढ़ाने की अनुमति देकर भारत की आर्थिक वृद्धि में तेजी ला सकती है।*

***वेदांता के अनुसार नियमों को तैयार किया गया:*** *ओसीसीआरपी ने कहा कि उसने हजारों सरकारी दस्तावेजों को खंगाला है, जिनमें आंतरिक ज्ञापन और बंद कमरे में हुई बैठकों के चर्चा बिंदु से लेकर अग्रवाल के पत्र शामिल हैं। ये पत्र सूचना का अधिकार कानून का इस्तेमाल कर हासिल किए गए। इसमें दावा किया गया, 'रिकॉर्ड दिखाते हैं कि सरकारी अधिकारियों ने उद्योग और विशेष रूप से वेदांता के अनुरोधों के अनुसार नियमों को तैयार किया।'*

# जीएसटी से सरकार को हुई मोटी कमाई

- जीएसटी संग्रह का 5वीं बार बना खास रिकॉर्ड



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

- अगस्त में 11 प्रतिशत बढ़कर 1.59 लाख करोड़ रुपए रहा

कर अनुपालन में सुधार और कर चोरी में कमी आने से अगस्त महीने में माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह 11 प्रतिशत बढ़कर 1.59 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया। वित्त मंत्रालय ने शुक्रवार को अगस्त के जीएसटी संग्रह आंकड़े जारी करते हुए कहा कि इस महीने में सकल जीएसटी राजस्व 1,59,069 करोड़ रुपये रहा। एक साल पहले की समान अवधि में जीएसटी संग्रह 1.43 लाख करोड़ रुपये रहा था। इसमें केंद्रीय जीएसटी का राजस्व 28,328 करोड़ रुपये, राज्य जीएसटी राजस्व 35,794 करोड़ रुपये और एकीकृत जीएसटी राजस्व 83,251 करोड़ रुपये रहा। इस दौरान उपकर के रूप में 11,695 करोड़ रुपये वसूले गए। वित्त मंत्रालय ने कहा कि इस महीने में वस्तुओं के आयात से प्राप्त राजस्व में तीन प्रतिशत और घरेलू लेनदेन से प्राप्त राजस्व में सालाना आधार पर 14 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई। राजस्व सचिव संजय मल्होत्रा ने कहा कि अप्रैल-जून तिमाही में कर दरों में कोई बदलाव नहीं होने के बावजूद जीएसटी संग्रह मौजूदा मूल्य पर सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर से अधिक रही है। मल्होत्रा ने कहा, 'बेहतर कर अनुपालन और कर संग्रह दक्षता में सुधार होने से ऐसा हुआ है।

#### आने वाले माह में और भी अच्छा होगा

केपीएमजी के साझेदार एवं अप्रत्यक्ष कर प्रमुख अभिषेक जैन ने कहा कि त्योहार करीब आने से जीएसटी संग्रह आने वाले महीनों में और भी अच्छा होने की उम्मीद है।

# शेयर बाजार में रही तेजी सेंसेक्स 556 अंक उछला

एजेंसी ⏭ मुंबई

- जीडीपी आंकड़ा, वैश्विक संकेतों से शेयर बाजार में तेजी

मजबूत वैश्विक संकेतों और आर्थिक वृद्धि के बेहतर आंकड़े से उत्साहित घरेलू शेयर बाजारों में शुक्रवार को ऊर्जा, धातु एवं तेल शेयरों में खरीदारी आने से सेंसेक्स 556 अंकों की छलांग लगाने में सफल रहा जबकि निफ्टी फिर से 19,400 के स्तर पर पहुंच गया। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 555.75 अंक यानी 0.86 प्रतिशत चढ़कर 65,387.16 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की 30 में से 26 कंपनियां लाभ में रहीं। निफ्टी भी 181.50 अंक यानी 0.94 प्रतिशत की तेजी के साथ 19,435.30 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी की 50 में से 44 कंपनियां बढ़त के साथ बंद हुईं। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, 'अनुकूल वैश्विक संकेतों, उम्मीद से बेहतर घरेलू विनिर्माण आंकड़े और सकारात्मक जीडीपी आंकड़े आने से घरेलू बाजारों में उत्साह का माहौल रहा। इस दौरान प्रमुख विनिर्माण उद्योगों से जुड़े शेयरों में तेजी रही।



#### एशियाई व यूरोपीय बाजार में रही बढ़त

एशिया के अन्य बाजारों में जापान का निक्की, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और चीन का शंघाई कंपोजिट सूचकांक बढ़त के साथ बंद हुए। यूरोप के ज्यादातर बाजारों में बढ़त के साथ कारोबार चल रहा था। बृहस्पतिवार को अमेरिकी बाजारों में तेजी का माहौल रहा था।

#### इन शेयरों में रही घट-बढ़

सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से एनटीपीसी में सर्वाधिक 4.84 प्रतिशत की तेजी देखी गई। इसके अलावा जेएसडब्ल्यू स्टील, टाटा स्टील, मारुति सुजुकी, पावर ग्रिड, इंडसइंड बैंक, बजाज फाइनेंस और टेक महिंद्रा भी प्रमुख रूप से बढ़त में रहे। दूसरी तरफ अल्ट्राटेक सीमेंट, सन फार्मा, नेस्ले और एलएंडटी के शेयर गिरावट के साथ बंद हुए।

- एयर इंडिया के बेडे में दो बी777 शामिल होंगे
- अमेरिका में सेवाएं व क्षमता बढ़ाने में मदद मिलेगी

# एयर इंडिया ने इस साल अप्रैल से 650 पायलट नियुक्त किए: सीईओ

एजेंसी ⏭ मुंबई

एयर इंडिया के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) कैंपबेल विल्सन ने कहा कि एयर इंडिया समूह की एयरलाइन ने इस साल अप्रैल से अब तक 650 पायलटों को नियुक्त किया है।



सीईओ ने कहा कि एयर इंडिया के बड़े बोइंग 777 बेड़े में इस महीने के पहले सप्ताह तक दो बी777 शामिल होंगे। इनमें से एक को पहले ही बेड़े में शामिल किया जा चुका है। इससे एयरलाइन को अमेरिका में सेवाएं और क्षमता बढ़ाने में मदद मिलेगी। एयर इंडिया समूह में एयर इंडिया और इसकी दो पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनियां - एयर इंडिया एक्सप्रेस और एआईएक्स कनेक्ट (पूर्व में एयरएशिया इंडिया) शामिल हैं। विल्सन ने एयर इंडिया के कर्मचारियों को अपने साप्ताहिक संदेश में कहा, 'समूह भर्ती प्रकोष्ठ (जीएचसी) ने एक अप्रैल से 650 से अधिक पायलटों को सफलतापूर्वक भर्ती किया है और उन्हें अपने साथ जोड़ा है।'

#### विमान पट्टे पर लेने की घोषणा

एयर इंडिया ने पिछले साल उत्तरी अमेरिका के मार्गों पर अपनी उड़ानें संचालित करने के लिए 11 बी777 विमानों, छह बी777-300ईआर विमानों और पांच बी777-200-एलआर विमानों को पट्टे पर लेने की घोषणा की थी। उन्होंने यह भी कहा कि लंबे समय से बंद चल रहे तीन बोइंग 787 विमानों में दो सेवा में लौट आए हैं।

### महिंद्रा की बिक्री अगस्त में 19 प्रतिशत बढ़ी

**नई दिल्ली।** महिंद्रा एंड महिंद्रा के वाहनों की बिक्री अगस्त में सालाना आधार पर 19 प्रतिशत बढ़कर 70,350 इकाई रही। कंपनी ने अगस्त 2022 में 59,049 इकाइयों की बिक्री की थी। एमएंडएम की घरेलू बिक्री अगस्त में 25 प्रतिशत बढ़कर 37,270 इकाई रही। पिछले वर्ष समान महीने में यह 29,852 इकाई थी। मुंबई स्थित ऑटो कंपनी की घरेलू बाजार में यात्री वाहन की बिक्री पिछले महीने 25 प्रतिशत बढ़कर 37,270 इकाई हो गई। 'हमने एक महीने में 26 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 37,270 इकाइयों की अपनी सबसे अधिक एसयूवी घरेलू बिक्री दर्ज की।'

## सोने में 100 रुपए की गिरावट, चांदी 400 रुपए फिसली

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

वैश्विक बाजारों में कमजोर रुख के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में शुक्रवार को सोना 100 रुपये की गिरावट के साथ 60,150 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ।



- सोना 60,150 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ

एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 60,250 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर बंद हुआ था। चांदी 400 रुपये की गिरावट के साथ 77,100 रुपये प्रति किलोग्राम पर रही। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने कहा कि मिश्रित अमेरिकी आर्थिक आंकड़ों और डॉलर सूचकांक में तेजी के बीच सोने की कीमतें कई सप्ताह के उच्चतम स्तर से पीछे चली गईं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना गिरावट के साथ 1,942 डॉलर प्रति औंस रह गया। चांदी की कीमत घटकर 24.50 डॉलर प्रति औंस रही। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के कमोडिटी शोध विभाग के वरिष्ठ उपाध्यक्ष, नवनीत दमानी ने कहा, 'अब निवेशकों की नजर प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के विनिर्माण पीएमआई आंकड़े और सबसे महत्वपूर्ण अमेरिकी बेरोजगारी दर पर केंद्रित है। इन आंकड़ों का सर्राफा कीमतों पर असर पड़ सकता है।'

#### आयोटेकवर्ल्ड का कृषि ड्रोन के लिए पिक्स4डी से करार



नई दिल्ली। ड्रोन विनिर्माता आयोटेकवर्ल्ड एविगेशन ने शुक्रवार को कहा कि उसने भारत में संयुक्त रूप से सटीक कृषि समाधान पेश करने के लिए स्विट्जरलैंड स्थित पिक्स4डी के साथ साझेदार की है। पिक्स4डी उन्नत कृषि मानचित्रण में इस्तेमाल होने वाली फोटोग्रामेट्री सॉफ्टवेयर तकनीक में विशेषज्ञता रखती है। सटीक कृषि में खेती प्रबंधन के लिए प्रौद्योगिकी-अनुकूल नजरिया अपनाया जाता है। इसमें खेतों एवं फसलों की जरूरतों का निरीक्षण, माप और विश्लेषण किया जाता है। उत्पादकता बढ़ाने और लागत कम करने में मदद मिलती है। कंपनी ने वित्त वर्ष में 3,000 ड्रोन की बिक्री का लक्ष्य रखा है। आयोटेकवर्ल्ड की स्थापना दीपक भारद्वाज और अनूप उपाध्याय ने वर्ष 2017 में की थी। आयोटेकवर्ल्ड एविएशन ने हाल ही में अग्रणी उर्वरक कंपनी इफको को 500 ड्रोन की आपूर्ति करने का अनुबंध हासिल किया है।

### पिछले दो साल में 1,400 से ज्यादा कंपनियों ने की छंटनी

# भारतीय स्टार्टअप से दो साल में 1 लाख की गई नौकरी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

- कंपनियों ने फ्रेशर से लेकर लंबे समय से काम कर रहे लोगों को निकाला

पिछले कुछ सालों में दुनिया भर में लाखों लोगों की नौकरी गई है। दुनिया की बड़ी-बड़ी कंपनियों ने फ्रेशर से लेकर लंबे समय से काम कर रहे लोगों को नौकरी से निकाला है। कंपनियों से छंटनी सिर्फ ग्लोबल स्तर पर ही नहीं, बल्कि भारत में भी खूब हुई है।

बड़ी कंपनियों के साथ ही देश की स्टार्टअप कंपनियों ने भी लोगों को नौकरी से निकाला है। भारत में एक समय की तेजी से उभर रहा स्टार्टअप इकोसिस्टम गंभीर नौकरी संकट का सामना कर रहा है। स्टाफिंग फर्मों और हेडहंटर्स के अनुसार, स्टार्टअप में छंटनी सार्वजनिक रूप से बताई गई तुलना में कम से कम तीन गुना अधिक होने का अनुमान है।

#### फंडिंग कम होने से ज्यादा हुई छंटनी

सार्वजनिक तौर पर मौजूद आंकड़ों के मुताबिक, पिछले दो साल के दौरान 25,000-28,000 की छंटनी हुई है। ऐसा इसलिए है क्योंकि तरलता संकट के कारण धन की कमी हो गई, जिससे भारत में कई स्टार्टअप को अपने मासिक खर्चों में कटौती करने के लिए मजबूर होना पड़ा है। वहीं दुर्लभ फंडिंग के कारण स्टार्टअप्स को मार्केटिंग खर्चों में कटौती करने और लागत को फिर से व्यवस्थित करने के लिए मजबूर होना पड़ा है।







#### दो साल में 91 हजार के करीब कर्मचारी निकाले गए

पिछले 24 महीने यानी दो साल के दौरान 1,400 से ज्यादा कंपनियों ने 91 हजार के करीब कर्मचारियों को नौकरी से निकाला है। टेक फोकस हायरिंग फर्म टॉपहायर के आंकड़ों से पता चलता है कि छिपी हुई छंटनी को ध्यान में रखते हुए निकाले गए कर्मचारियों की संख्या 120,000 तक पहुंच सकती है।

#### बिलियन डॉलर स्टार्टअप शामिल

भारत के स्टार्टअप कंपनियों से छंटनी की बात करें तो इसमें यूनिकॉर्न या 1 बिलियन डॉलर या उससे अधिक मूल्य के स्टार्टअप शामिल हैं। इसमें बायजू, अनएकेडमी, ब्लिंकिट, मीशो, वेदांतु, ओयो, ओला, कार्स24 और उड़ान ने कर्मचारियों की संख्या को कम किया है।

### टोयोटा ने रिकॉर्ड मासिक बिक्री दर्ज की

**नई दिल्ली।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (ने अगस्त में 22,910 इकाइयों के साथ अब तक की सबसे अधिक मासिक बिक्री दर्ज की। पिछले महीने डीलरों को कंपनी की कुल आपूर्ति 53 प्रतिशत बढ़कर 22,910 इकाई हो गई, जबकि अगस्त 2022 में यह आंकड़ा 14,959 इकाई का था। कंपनी की घरेलू थोक बिक्री 20,970 इकाई रही, जबकि निर्यात 1,940 इकाई रहा। टीकेएम के उपाध्यक्ष अतुल सूद ने एक बयान में कहा, ' मजबूत बिक्री और बढ़ी हुई मांग ब्रांड के प्रति ग्राहकों की लगातार बढ़ती रुचि को दर्शाती है।